# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025


### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर

# शाह रायपुर में लेंगे आज नक्सल मुद्दों पर हाई लेवल मीटिंग, पंडुम महोत्सव का करेंगे समापन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप भी होंगे दंतेवाड़ा के कार्यक्रम में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर शुक्रवार की रात को विशेष विमान से राजधानी रायपुर पहुंचे। विमानतल पर उनका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव के साथ प्रदेश के मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। विमानतल से वे सीधे होटल मेफेयर पहुंचे। यहां पर वे रात्रि विश्राम करेंगे ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रायपुर में करेंगे बैठक

बस्तर से शाम को लौटने के बाद होटल मेफेयर में 5.00 बजे से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक में एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े ▶▶|शेष पेज 4 पर

**पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत की वृद्धि**

## खनिज में छत्तीसगढ़ की रिकार्ड कमाई, 14 हजार 195 करोड़ मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उनके ही राजस्व विभाग ने राजस्व प्राप्ति में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। सरकार को 2024-25 में खनिज राजस्व के रूप में रिकार्ड 14 हजार 195 करोड़ रूपए मिले है। जो विगत वर्ष 2023-24 के 12,795 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत यानि 1400 करोड़ रुपए अधिक है।



छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में मात्र 4% की हिस्सेदारी होते हुए भी छत्तीसगढ़ का देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य में 16% से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दंतेवाड़ा से मिला सबसे अधिक राजस्व

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के खनिज राजस्व संग्रहण में जिला दंतेवाड़ा ने सर्वाधिक 6580 करोड़ रुपये का योगदान देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, कोरबा से 2148 करोड़, रायगढ़ से 2027 करोड़, बालोद से 1313 करोड़, सरगुजा से 585 करोड़, बलौदाबाजार से 354 करोड़, कांकेर से 328 करोड़, तथा सूरजपुर से 155 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय राजस्व भागीदारी दर्ज की गई है।

*वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज बोले- सनातन बोर्ड बनाने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लिखेंगे पत्र*

## तकरीर में वक्फ विधेयक पर चर्चा न करने प्रदेश वक्फ बोर्ड का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया है। इसको लेकर देश भर में अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कहीं इसका विरोध हो रहा है तो कहीं इसका स्वागत किया जा रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने प्रदेश भर की मस्जिदों और दरगाहों के लिए फरमान जारी किया है कि वक्फ संसोधन विधेयक को लेकर कहीं कोई चर्चा नहीं की जा सकती है। अगर कहीं चर्चा की जाती ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सनातन बोर्ड भी बनना चाहिए

डा. राज ने कहा, वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड भी बनना चाहिए। उन्होंने कहा, सनातन बोर्ड बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मैं पत्र लिखूंगा। सनातन बोर्ड बनने से जो मठों की जमीन है,जिसकी बंदर बाट की जाता है उस पर भी अंकुश लगेगा।






### छत्तीसगढ़ को मिली 8741 करोड़ रुपए की बड़ी सौगात

# खरसिया-नया रायपुर- परमलकसा रेल परियोजना मंजूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने भारतीय रेलवे की चार महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लागत लगभग 18,658 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र और ओडिशा के कुल 15 ज़िलों को जोड़ते हुए रेलवे नेटवर्क में 1247 किलोमीटर की महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना को दी गई मंजूरी: छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ के लिए विशेष रूप से स्वीकृत 'खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन' परियोजना से राज्य के औद्योगिक नक्शे में ऐतिहासिक परिवर्तन की संभावनाएं बनेंगी। यह परियोजना बलौदा बाजार जैसे क्षेत्रों को सीधी रेलवे कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे सीमेंट संयंत्रों, इस्पात इकाइयों और अन्य औद्योगिक निवेश के लिए आधारभूत संरचना तैयार होगी। यह मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और चूना पत्थर जैसी सामग्रियों के परिवहन में क्रांतिकारी सुधार लाएगा। इससे माल ढुलाई की लागत घटेगी, संचालन की गति बढ़ेगी और उद्योगों को निर्बाध सप्लाई चेन मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को मिली यह ऐतिहासिक रेल परियोजना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है। खरसिया-नया रायपुर- परमलकसा लाइन से बलौदा बाजार और आस-पास के क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे यहाँ के युवाओं के लिए रोज़गार और स्वरोज़गार के नए द्वार खुलेंगे। यह परियोजना ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कुल लंबाई**

**278 किमी लंबा रेलमार्ग 615 किमी ट्रैक की लंबाई**

### विशेषताएँ

- स्टेशनों की संख्या: 21
- पुल और फ्लाईओवर: 48
- बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर
- ट्रैफिक क्षमता: 21 से 38 मिलियन टन कार्गो, 8 मेल/एक्सप्रेस/सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें
- लॉजिस्टिक्स लागत में भारी कमी: सड़क परिवहन की तुलना में प्रतिवर्ष ₹2,520 करोड़ की बचत
- ईंधन और पर्यावरण संरक्षण: 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत प्रतिवर्ष
- 113 करोड़ किग्रा $CO_2$ की कटौती – यह लगभग 4.5 करोड़ पेड़ों के लगाने के बराबर है।

*इन ज़िलों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ: रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाज़ार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव।*

## विष्णु सरकार मनाएगी सुशासन तिहार, 8 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार 8 अप्रैल से सुशासन तिहार मनाएगी। पारदर्शिता, संवाद और समाधान की पहल के साथ तिहार को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सुशासन केवल नारा नहीं, हमारी प्राथमिकता है। तिहार के माध्यम से हम शासन को जनता के और करीब ला रहे हैं। समाधान को एक प्रक्रिया में पिरोकर जनविश्वास को और मजबूत करना। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि राज्य के हर नागरिक को यह भरोसा हो कि उनकी बात सुनी जा रही है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है और योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मैं स्वयं, मेरे मंत्रीगण, मुख्य सचिव और शासन के वरिष्ठ अधिकारी इस तिहार में भाग लेंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे। हमारा लक्ष्य हर जिले, हर पंचायत, हर व्यक्ति तक सुशासन की पहुंच को सुनिश्चित करना।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया ▶▶|शेष पेज 4 पर

राज्य के हर जिले में विवादित नामांतरण के मामले

# जमीन नामांतरण के विवादित मामले सबसे अधिक सरगुजा, रायपुर और बिलासपुर में

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

अगर किसी जमीन, मकान या अचल संपत्ति को किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर करने के समय तीसरा व्यक्ति या कुछ और लोग मालिकाना हक के दावेदार के रूप में सामने आ जा रहे हैं, तो नामांतरण के ऐसे मामलों को राजस्व विभाग विवादित नामांतरण के प्रकरणों में शामिल कर लेता है। छत्तीसगढ़ में ऐसे दो चार हजार नहीं, बल्कि 17 हजार से अधिक मामले हैं, जिनका निपटारा नहीं हो पाया है। खास बात ये है इस तरह के लंबित मामलों में सबसे अधिक संख्या सरगुजा जिले की है। इसके बाद रायपुर जिले का नंबर आता है। तीसरे नंबर पर सबसे अधिक लंबित प्रकरणों वाला जिला बिलासपुर है।

ज़मीन के सरकारी दस्तावेज़ में मालिक का नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया को नामांतरण कहते हैं. अगर इस प्रक्रिया में किसी तरह का विवाद हो, तो उसे राजस्व विभाग में विवादित नामांतरण कहते हैं। विवादित नामांतरण के मामलों में सभी पक्षों की सुनवाई होती है. तहसीलदार, ई-नामांतरण पोर्टल से प्रकरण को अपने ई-राजस्व न्यायालय में स्थानांतरित कर पंजीकृत करता है। विवादित प्रकरणों का निस्तारण होने के बाद, तहसीलदार खसरे और रसीद बही में प्रविष्टियां संशोधित करता है। इसी आधार पर जमीन, मकान या अन्य अचंल संपति का मालिकाना हक तय होता है।

## नामांतरण के बाद ही मिलता है मालिकाना हक

नियम के हिसाब से संपत्ति का नामांतरण 30 से 45 दिनों में करने का प्रावधान है। लेकिन समय सीमा के बाहर एक साल तक के 1832 प्रकरण, एक से दो साल के 1795 प्रकरण और दो साल से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या 1196 है। अगर अविवादित नामांतरण प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा में प्रकरण का निराकरण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधान लागू होते हैं। जमीन खरीदी के 12 साल तक अगर खरीदी करने वाला व्यक्ति राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण नहीं कराता, तो उसकी रजिस्ट्री स्वतः ही शून्य हो जाती है।

## ये है विवादित नामांतरण मामलों का ब्योरा

राजस्व विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-24 में विवादित नामांतरण के कुल 62 हजार 283 प्रकरण दर्ज राज्य में दर्ज किए गए। इनमें 45 हजार 196 का निपटारा हो गया। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों की संख्या 17 हजार 87 है। समय सीमा के भीतर के प्रकरण 12 हजार 264 है। लंबित मामलों में सबसे अधिक सरगुजा के 1930, रायपुर के 1869, बिलासपुर के 1281, दुर्ग के 1181, सूरजपुर के 1056 प्रकरण है। सबसे कम में नारायणपुर में 12, सुकमा में 17 बीजापुर 18, प्रकरण है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि राज्य का कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां विवादित नामांतरण के मामले न हो। कोई जिला ऐसा नहीं है जहां ऐसे मामले लंबित न हों।

# राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 71 दावेदार

## पूर्व आईएएस, अधिवक्ताओं, नेताओं के साथ पत्रकारों ने भी किए आवेदन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 72 दावेदार सामने आए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने दावेदारों के नामों को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। राज्य सूचना आयुक्त के पद के लिए पूर्व आईएएस संजय अलंग, अमृत खलखो, उमेश कुमार अग्रवाल जैसे कई अधिकारियों ने आवेदन किया है।

इसी के साथ अधिवक्ता, नेता, आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकारों ने भी आवेदन किए हैं।

इससे पहले मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी सर्च कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू किया था। इस इंटरव्यू में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा समेत कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए थे। सामान्य प्रशासन विभाग अब नामों का पैनल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजेगा।

किसी एक नाम पर अंतिम मुहर यह कमेटी ही लगाएगी। इस कमेटी में नेता प्रतिपक्ष के साथ राज्य सरकार की ओर से नामित किए गए एक मंत्री को रखा जाता है। राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पदों को भरने के लिए नामों का चयन भी यही कमेटी करेगी।

# फॉरेन में एमबीबीएस करने वाले राज्य के मेडिकल कालेजों में कर सकेंगे इंटर्नशिप

## 13 मेडिकल कालेजों में सुविधा, एडमिशन के लिए काउंसिलिंग भी

**रायपुर।** दूसरे देशों में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले डाक्टर राज्य के मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ के 13 मेडिकल कालेजों में इसकी सुविधा है और एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा काउसिंलिंग का आयोजन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा पास कर चुके एफएमजी डाक्टरों को 14 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया गया है। छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश से हर साल बड़ी संख्या में छात्र डाक्टरी की पढ़ाई करने विभिन्न देशों में जाते हैं। एमबीबीएस पूरा होने के बाद उन्हें भारत में अपनी प्रेक्टिस करने और मेडिकल काउंसिल में पंजीयन कराने के लिए प्रवेश परीक्षा में सफल होना पड़ता है। ऐसे डाक्टर जो यहां पेशेवर अनुभव लेना चाहते हैं, उन्हें विभिन्न मेडिकल कालेज में इंटर्नशिप करने का मौका दिया जाता है। राज्य के शासकीय और निजी मिलाकर 13 मेडिकल कालेजों में इसके लिए सीटें निर्धारित हैं। इसमें राज्य के साथ अन्य प्रांतों के एफएमजी इंटर्नशिप कर सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा इन डाक्टरों को इंटर्नशिप का मौका देने के लिए काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 14 अप्रैल तक आवेदन की तिथि तय की गई है। ऑनलाइन आवेदन के साथ राज्य के एफएमजी छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 11 हजार और दूसरे राज्यों के छात्रों के लिए 26 हजार रुपए निर्धारित किया गया है।





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025


# इतिहास में पहली बार एक किलो चांदी और दस ग्राम सोने के दाम 92000

## सोना दो हजार और चांदी के दाम 96 सौ तक घटे, ट्रंप के टेरिफ का असर, दोनों में गिरावट जारी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमत पर अमेरिका के टैरिफ वार के कारण विराम लग गया है और अब दाम कम होने लगे हैं। जो सोना तीन दिन पहले 94 हजार के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया था, वह अब दो हजार रुपए कम होकर शुक्रवार को 92 हजार हो गया। इसी तरह से चांदी एक लाख पार होकर एक लाख 21 सौ रुपए हो गई थी, वह अब 92 हजार पांच सौ रुपए हो गई है। यानी चांदी के दाम 96 सौ रुपए कम हो गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि दस ग्राम सोने और एक किलो चांदी की कीमत 92 हजार हो गई है। सोने और चांदी की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। लेकिन अब इनकी कीमत कम होने लगी है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा और सराफा रायपुर सराफा एसोसिशन के पू र्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विश्व बाजार में विभिन्न देशों पर लगाए गए टैरिफ से बाजार में व्यापार युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है। 2 अप्रैल की रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक दिन में सोना टूटा 2000, चांदी 5500

बाजार में उथल पुथल के बीच चौतरफा हाहाकार मचा हुआ है। शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट आई है। वहीं सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने में एक दिन में 5 हजार 500 रुपए की गिरावट आई है। वहीं चांदी में एक दिन में 1800 से 2000 की गिरावट आ गई है। पहली बार सराफा बाजार में सोने और चांदी एक भाव एक हो गया है।





### और गिरावट की आशंका

दुनियाभर के बाजारों में मंदी की आशंका गहरा गई है। ट्रंप के टेरिफ वार के चलते हर तरफ बिकवाली का माहौल बना हुआ है। खरीदारी कम हो रही है। सोने और चांदी में मुनाफावसूली भी की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सोने के दाम धड़ाम हो सकते हैं। बीते कुछ सालों में सोने के दाम तेजी से बढ़े हैं।

## खबर संक्षेप

### मणिपुर के चार जिलों से 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने घाटी के विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कम से कम 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टीपी ऑफ कांगलीपाक के सक्रिय सदस्यों को बृहस्पतिवार को इंफाल पश्चिम जिले के लांगथबल कुंजा से गिरफ्तार किया गया।

### एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक ने जिला प्रशासनिक परिसर में स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निकट एक राइफल से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक सरबजीत राय ने एएसआई नरिंदरजीत सिंह की आत्महत्या की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात सिंह ने अपने सहकर्मी से राइफल छीनी और खुद को गोली मार ली।

## वक्फ संशोधन बिल पर घमासान, कांग्रेस पहुंची सुप्रीम कोर्ट

# मोदी बोले- गरीब मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा 'कानून', इधर कई राज्यों में प्रदर्शन

*लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद देश के कई हिस्सों में हंगामे के हालात है। शुक्रवार को इस पर गतिविधियां तेज रहीं। कई राज्यों में मुस्लिम संगठनों के प्रदर्शन के बीच कांग्रेस बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट कर कहा- संशोधन बिल गरीब मुस्लमानों की रक्षा के लिए है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इधर वक्फ बिल विधेयक पारित होने के बाद सोनिया गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा यह टिप्पणी संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इस बिल के पास हो जाने के बाद विपक्षी दलों ने इसे मुस्लिम विरोधी और असंवैधानिक करार दिया। सरकार ने इस बिल को एक ऐतिहासिक सुधार बताया और ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सोनिया की टिप्पणी पर बोले ओम बिरला

राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। सोनिया की टिप्पणी पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा विधेयक पर सदन में 14 घंटे बहस होने के बाद एक वरिष्ठ सदस्य का यह कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, उचित नहीं है।



### मोदी ने वक्फ बोर्ड पर कहा यह मुस्लिमों के हित के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने पर सभी सांसदों का आभार जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों से वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता की कमी थी। इससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों, पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचता था। संसद द्वारा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में विरोध प्रदर्शन

बताते चले कि कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई, कर्नाटका, अहमदाबाद में भी वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। और देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे है। कोलकाता के पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने सड़क पर उतरकर बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के कारण इलाके में यातायात प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए।

एसीबी की कार्रवाई

# रिश्वत लेते दो पटवारी सहित तीन गिरफ्तार



हरिभूमिर ▶▶| अंबिकापुर/वाड्रफनगर

शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पटवारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारियों द्वारा राजस्व अभिलेख में नाम संशोधन करने, सीमांकन के लिए पैसों की मांग की गई थी। सरगुजा में टीम ने पटवारी व उसके सहयोगी को 7 हजार वहीं वाड्रफनगर में पटवारी को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि त्रिकोण चौक निवासी पवन कुमार पाण्डेय ने एक भूमि क्रय की थी और भूमि की रजिस्ट्री के बाद अपना नाम राजस्व अभिलेखों में संशोधित करने के लिए लाल माटी के पटवारी नीरज ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 8 हजार लेते पकड़ा गया पटवारी

सरगुजा के अलावा बलरामपुर जिले में भी एसीबी ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक पटवारी को 8 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत ग्राम बरतीकला निवासी राजेश कुमार पटेल ने निजी भूमि पर मकान निर्माण हेतु सीमांकन कराने के लिए पटवारी हेमंत कुजूर से संपर्क किया था। ▶▶| शेष पेज 4 पर




## चिंतन

# बिम्सटेक में भारत के लिए बेहतर मौके

पड़ोसी देशों में मची राजनीतिक हलचल, प्राकृतिक आपदाएं, बढ़ती चीनी नजदीकियां और बदल रही निष्ठाओं के बीच बिम्सटेक की थाईलैंड में बैठक भारत के लिहाज से अहम है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) में भारत ही सबसे मजबूत सदस्य है और बाकी सदस्य भारत के सब पड़ोसी देश हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य देश हैं। ऐसे में भारत बिम्सटेक को आगे ले जा सकता है और अपने लिए अवसर पैदा कर सकता हे। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हुई दो दिवसीय बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय और तकनीकी सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) शिखर सम्मेलन में म्यांमा और थाईलैंड में पिछले सप्ताह आए भूकंप में 3,000 से अधिक लोगों की मौत के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा राहत कार्यों को और बेहतर बनाने, सदस्य देशों के बीच ट्रेड बढ़ाने, सीमा सुरक्षा को लेकर सहयोग, नशे की तस्करी रोकने पर सहमति बनी है। बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी ने सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा है। भारत के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों का सामरिक महत्व है, ये न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक व ऐतिहासिक रूप से भी जुड़े हैं। अर्थव्यवस्था के लिहाज से छोटे हैं व भारत पर अधिक निर्भर देश हैं। इन देशों के साथ चीन भी अपने संबंध मजबूत करने में लगा है, जो भारत के पड़ोस तक चीनी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। नेपाल में वामपंथ शासन के बाद नेपान व चीन करीब आए हैं। श्रीलंका चीन के साथ जुड़ा और हाथ जलाने के बाद सतर्क है। म्यांमार में सैन्य तख्ता पलट के पीछे चीनी हाथ माना गया है। म्यांमार की सैन्य सरकार को चीन, रूस व बेलारूस का ही समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में भी कट्टर इस्लामिक दलों के सत्ता पर कब्जे के बाद से ढाका की बीजिंग व इस्लामाबाद से नजदीकी बढ़ी है। इन परिस्थितियों में पीएम मोदी की बैठक से अलग मोहम्मद यूनुस से मुलाकात हुई है, जो रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने भारत विरोधी बयानों के प्रति यूनुस को सचेत किया है व अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त की है। पीएम नेपाली पीएम केपी ओली से भी मिले हैं, नेपाल में अभी राजशाही के लिए आंदोलन चल रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मोदी व ओली की मुलाकात उल्लेखनीय है। भारत व नेपाल के संबंध अभी उतार-चढ़ाव दौर से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी की म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी बातचीत हुई है, इसमें भारत का मानवीय पक्ष है, म्यांमार भीषण भूकंप के बाद तबाही से प्रभावित है, भारत मदद कर रहा है और आगे भी मदद का वादा किया है। म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग की उपस्थिति के कारण बिम्सटेक की बैठक विवादों में भी रही, कारण जनरल ह्लाइंग को वर्ष 2021 में सत्ता पर काबिज हाने के बाद से कई वैश्विक सम्मेलनों में शिरकत नहीं करने दी गई है। भारत की कोशिश बिम्सटेक देशों की सामरिक सुरक्षा, आपस में ट्रेड बढ़ाने, इन्फास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ चीनी प्रभाव को कम करने की है। म्यांमार, बांग्लादेश व नेपाल जैसे देशों को अपनी सुरक्षा व हित को तवज्जो देनी चाहिए और चीन से सतर्क रहना चाहिए। अमेरिकी टेरिफ वार के बाद से भारत अपने ट्रेड के लिए नए बाजार भी तलाश रहा है, जिसमें बिम्सटेक देश अहम हैं।



श्रद्धांजलि

ऋतुपर्ण दवे

# देशप्रेम से प्रेरित फिल्मों का 'सूरज' अस्त

> यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे।

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। उनकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रह्माण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा।

यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती ही रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं। 24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भी संबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे 'लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज'। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ और देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किला ले गए। दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। इससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ। दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था।

वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमार और कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे। वर्ष 1957 में महज 19 साल की उम्र में मनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्माता लेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगल से पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला कि लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है।

अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों



में से एक अशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए।

इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। उन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपये मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म 'कांच की गुड़िया' में ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म 'हरियाली और रास्ता' मिली जिसने उनकी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई। इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई जिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी ने कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए।

वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया। उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्में दी। इनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामयाब फिल्में हैं। उन्हें भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्मश्री और 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें एक नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, उन्हें 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले, जिनमें 1968 में 'उपकार' के लिए बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के अवॉर्ड शामिल हैं। आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ, हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे, दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार, तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कर्म का महत्व

गीता रस्तोगी 'गीतांजलि'



# कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कर्म के महत्व को बताते हुए कहा है- हे अर्जुन, तुम्हें केवल कर्म करने का अधिकार है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरंतर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो। गीता के समस्त अध्यायों का सार, इस एक श्लोक में ही निहित है। 'हम इतने पूजा-पाठ करते हैं, फिर भी हमें उनका फल नहीं मिलता', कई भक्त ऐसा सोचते होंगे। कोई विद्यार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने पर भी कुछ ऐसा ही सोच सकता है। किसी संस्थान के कर्मचारी पदोन्नति न होने पर दूसरे कर्मचारियों से अपनी तुलना करके दुखी हो जाते हैं। ऐसा जीवन के विविध आयामों में देखने को मिलता है। घर में भी भाई-बहनों के मन में आ सकता है कि मेरे मम्मी-पापा, मेरे भाई या बहन को मुझसे अधिक प्यार करते हैं। यह विचारधारा सिद्धांत रूप से ही गलत है और अपनाने योग्य बिल्कुल भी नहीं है। विचार भी एक प्रकार से आंशिक कर्म ही है और इस प्रकार के नकारात्मक कर्म आपको कर्त्तव्य की दिशा से विपरीत दिशा में ले जाते हैं। आपके कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में जिस ऊर्जा का प्रयोग होना चाहिए, उसका उपयोग नकारात्मक ऊर्जा को खरीद कर ले आने जैसा होता है। उपासना भी एक कर्म है। इसके रूप भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उद्देश्य भी। कर्त्तव्य का निर्वहन उपासना का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप है। जिस समय आप पूर्ण मनोयोग से किसी कर्त्तव्य का निर्वाह करते हैं उस समय आपका 'स्व' उस कर्त्तव्य में विलीन हो जाता है और केवल कर्म ही शेष रह जाता है। कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयमेव ईश्वर को अर्पित हो जाता है क्योंकि उसमें अहंकार का लेश मात्र भी नहीं रहता। अतः फलत्याग कर कर्त्तव्य भावना से किया गया कर्म स्वयं ही आराध्य की उपासना है। नवरात्र उपासना का एक विशेष पर्व है। प्रार्थना के समवेत स्वर जब करुणामयी मां शक्ति की करुणा के द्वार खटखटाते हैं तो मां उस पुकार को अनसुना नहीं कर पाती। अपने घर के बच्चे जब प्रातः सायं आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं तब आशीर्वाद देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता; वरन यह स्वयं प्रस्फुटित होता है। घर में कहीं कोई बिगाड़ हो रहे हों तो खाली आशीर्वाद से काम नहीं चलता। यहां पर कर्म की आवश्यकता पड़ती है। यदि आप रोगग्रस्त हो जाएं तब चिकित्सक के पास जाना ही श्रेष्ठ कर्म है; प्रार्थनाएं साथ हों तब शीघ्र रोगोपचार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। संस्थानों में समय-समय पर ऑडिट होते रहते हैं। तब हर एक कर्मचारी चाहता है कि उसकी सभी रिपोर्ट्स अप टू द मार्क जाएं । संस्था का प्रमुख भी यही चाहता है। किसी भी कंपनी को आधिकारिक प्रॉफिट में लाने के लिए श्रेष्ठ नीतियों का निर्माण व उनका अनुपालन नितान्त आवश्यक है। आध्यात्म के क्षेत्र में भी ऐसा ही है। प्रार्थना का प्रयोजन स्पष्ट होना चाहिए। व्यक्तिगत उन्नति के हम कर्म व प्रार्थना करते हैं तब सामूहिक उन्नति के लिए कर्म व प्रार्थना भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए। जब भी कोई बड़ा मिशन होता है तब वह सब के सहयोग से ही संपन्न होता है। जब देश पराधीन हो गया था तब भी सामूहिक प्रयासों से ही स्वाधीनता प्राप्त हुई। आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन मुझे याद आता है जिसमें उन्होंने शुभ प्रयोजन के लिए बड़े जमींदारों को भूमि दान के लिए प्रेरित किया और अपेक्षा से अधिक सहयोग प्राप्त किया। आज मानव समाज विशेष प्रकार की समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। भौतिकता की चकाचौंध में आत्मा गुलाम हो गई प्रतीत होती है, जिसके कारण भांति-भांति की विसंगतियां जन्म लेती हैं। इन सब के समाधान के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। हमारे पास एक विशाल संपत्ति है। यह है, विशाल जनसमूह की शक्ति। इसके बल पर हम भारतवासी बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने की सामर्थ्य रखते हैं। साथ ही हमारे पास अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। शिक्षा व तकनीक में भी हम किसी भांति कम नहीं। आवश्यकता है तो समस्त शक्तियों के एकजुट होकर सही दिशा में कार्यान्वयन की। हमारे घर के बुजुर्ग भी इस मानवता मिशन में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं। बच्चों, वृद्ध, युवा सभी को अपने समय का कुछ भाग प्रतिदिन मानवता के कल्याण के कार्यों में अवश्य ही निवेश करना चाहिए। आत्म सुधार को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास किया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब हम सतयुग व रामराज्य के दर्शन अपनी आंखों से कर पाएंगे। साथ ही भावी पीढ़ियों के लिए एक सद्भाव व भाईचारे का संदेश देकर उन्हें भी जीवन की सार्थकता से अवगत करा सकेंगे।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट



संकलित

दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए। शेर की तरह सम्मान के साथ चलिए।

## जब मन हो अशांत मंत्रों का जप और ध्यान करें




संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा।

परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नशे से निपटने के लिए कारगर योजना बने

कौन परिवार चाहेगा कि हमारा बच्चा नशे से ग्रसित हो और नशा बेचने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हो। तो हम यह कैसे मान सकते हैं कि उनके परिवारों को इस मानसिक प्रताड़ना के साथ-साथ उनको सरकारी योजनाओं से वंचित कर देंगे और साथ में उनका सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। हम यह भी नहीं कह सकते है कि सभी परिवार इसमें संलिप्त नहीं हैं, परंतु इसकी प्रतिशतता बहुत कम है। कुछ संस्थाएं अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के चक्कर में आए दिन समाचारपत्रों में खबर लगवा देती हैं कि यदि कोई भी ऐसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो हम ऐसे परिवारों के सदस्यों को सभी सुविधाओं से वंचित कर देंगे। – संतोष ठाकुर, पटेवा

## ट्रेंड

### वक्फ विधेयक की बधाई



प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में संसद के दोनों सदनों में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025' के पारित होने की सभी को बधाई! यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ ही अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में कारगर सिद्ध होगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### स्वच्छता पखवाड़ा



हमने 1 से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की शुरुआत की है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, स्वच्छता सरकारों के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रयासों से प्राप्त की जा सकती है, आज स्वच्छता अभियान सामाजिक आंदोलन बन गया है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति



पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोज़र विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोज़र अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर चलता है,इसमें इंसाफ़ की लगाम नहीं है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मनोज कुमार को विदाई



महान अभिनेता मनोज कुमार को विदाई, एक ऐसे आइकन जिन्होंने स्क्रीन पर देशभक्ति को परिभाषित किया। भारतीय सिनेमा और भारत की भावना में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।
-सुनील शेट्टी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय मूल की कलाकार सम्मानित

भारतीय मूल की रंगोली कलाकार विजयलक्ष्मी मोहन को सिंगापुर के समुदाय और युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक विरासत में उनके कौशल और परंपराओं को बढ़ावा के लिए सम्मानित किया गया। विजयलक्ष्मी के अलावा चार अन्य को भी सम्मानित किया गया है। विजयलक्ष्मी, सिंगापुर में ही रह रही हैं और उनके पास वहीं की नागरिकता है। नेशनल हैरिटेज बोर्ड (एनएचबी) ने शुक्रवार को कहा कि नेशनल गैलरी सिंगापुर में संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्री एडविन टोंग ने विजयलक्ष्मी तथा चार अन्य लोगों को एनएचबी के 'द स्टूअर्ड इंटेंजिबल कल्चर हेरिटेज अवॉर्ड' से सम्मानित किया। विजयलक्ष्मी के अलावा, पुरस्कार पाने वाले चार लोगों में मलय ड्रम निर्माता मोहम्मद यजीज मोहम्मद हसन, पेरनकन शैली के आभूषण निर्माता थॉमिस क्वान, चीनी चाय की दुकान चलाने वाले पेक सिन चून और ट्योश्यू पेस्ट्री दुकान के संचालक थेई मोह चान शामिल हैं। मूलरूप से तमिलनाडु के त्रिची में जन्मी एवं पली-बढ़ी 66 वर्षीय कलाकार विजयलक्ष्मी पांच साल की उम्र से ही, पांच हजार साल पुरानी भारतीय लोककला रंगोली बनाती आ रही हैं। उन्होंने अपनी मां से यह कला सीखी जो हर सुबह अपने आंगन में रंगोली बनाती थीं।



## ऑफ बीट

# पृथ्वी की ऊपरी सतह के रहस्यों का पता चला

पृथ्वी आज एकमात्र ज्ञात ग्रह है जिस पर प्लेट टेक्टोनिक्स हैं। ग्रह के मैग्मा पर चट्टानों के इन विशाल स्लैब की निरंतर गति से महाद्वीप बनते हैं और शायद इससे जीवन का सृजन करने में भी मदद मिली हो। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि अपने शुरुआती रूप में, ग्रह में प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं थीं और इसके बजाय इसकी विशेषता स्थिर सतह (एक ढक्कन की कल्पना करें) रही होगी – मंगल ग्रह के समान। दूसरों का कहना है कि इसकी विशेषता एपिसोडिक, स्टॉप-स्टार्ट टेक्टोनिक्स रही होगी। प्लेट टेक्टोनिक्स महासागरों और वायुमंडल की संरचना से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि प्लेटों की निरंतर गति कार्बन और अन्य तत्वों को भी इधर-उधर ले जाती है। यह पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी कैसे निकलती है, इससे भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इस वजह से, प्लेट टेक्टोनिक्स को पृथ्वी पर जीवन के विकास से भी घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है। एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट टेक्टोनिक प्लेटों की गति उनकी सीमाओं पर ज्वालामुखी गतिविधि उत्पन्न करती है। लेकिन द्वीप चापों पर, जैसे कि तथाकथित रिंग ऑफ फायर जो प्रशांत महासागर को घेरता है, इस ज्वालामुखी की एक विशिष्ट रासायनिक फिंगरप्रिंट है जो आज के औसत महाद्वीपीय सतह के लगभग समान है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शनिवार, 5 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 14
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 36.9
न्यून. 23.2

# एक ही दिन में 50 ट्रेनें रद्द, 28 बीच में समाप्त, एक लाख यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय रेलवे में विकास कार्यों के चलते यात्रियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल में पहले ही 50 से अधिक ट्रेनों को रद्द किया जा चुका है और शुक्रवार को एक बार फिर रेलवे ने 50 ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इन रद्द ट्रेनों में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र और हावड़ा रूट की ट्रेनें शामिल हैं, जिससे इन मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रेलवे के इस निर्णय से एक साथ 1 लाख से अधिक यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई है। इसके साथ ही रिफंड के लिए यात्रियों को लाखों रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड में तीसरी रेल लाइन को गोंदिया रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण 28 ट्रेनों को बीच में ही समाप्त कर दिया जाएगा, जबकि 6 ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। शादी सीजन के दौरान लगातार ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को अप्रैल में और भी अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## 23 अप्रैल से 4 मई तक चलेगा राजनांदगांव-कलमना रेल खंड में तीसरी रेल लाइन का कार्य

### अब ट्रेन में बढ़ेगी भीड़

पटरियों के निर्माण कार्य के कारण हर सप्ताह ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। अप्रैल में हावड़ा और मुंबई रूट की कई ट्रेनें पहले से ही रद्द हो चुकी हैं। इसके अलावा, सूरत और अहमदाबाद की ट्रेनों पर भी इसका असर पड़ा है। अब 50 ट्रेनों के रद्द होने से इन रूटों पर ट्रेनों में और अधिक भीड़ बढ़ेगी। 28 ट्रेनों के समाप्त होने से यात्रियों को आगे जाने के लिए दूसरी ट्रेन के लिए नया टिकट खरीदने की आवश्यकता होगी, जिससे उनकी यात्रा में और भी कठिनाई होगी। अप्रैल और मई के बीच ज्यादातर लंबी दूरी की ट्रेन रेलवे ने रद्द कर दी है।



- अप्रैल व मई में मुंबई, हावड़ा व पुरी जाने वाली ट्रेनों में रहेगी भारी भीड़

### रद्द होने वाली गाड़ियां

01. 25 अप्रैल से 06 मई 78803 गोंदिया- कटंगी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
02. 25 अप्रैल से 06 मई 78804 कटंगी - गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
03. 4 मई 58205 रायपुर- नैनपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
04. 5 मई 58206 नैनपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
05. 5 मई 68743 गोंदिया-नैनपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
06. 5 मई 68744 नैनपुर-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
07. 2 मई से 06 मई तक गोंदिया-झारसुगड़ा मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
08. 3 मई से 07 मई तक 68862 झारसुगड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
09. 23,26,28,30 अप्रैल एवं 03,05 मई 11754 रीवा-नैनपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
10. 24,27,29 अप्रैल एवं 01,04,06 मई तक 11753 नैनपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
11. 4 मई को ओखा से 22905 ओखा –हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
12. 6 मई को हावड़ा से 22906 हावड़ा-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
13. 4 मई को 12145 लोकमान्य तिलक-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
14. 6 मई को 12146 पूरी - लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
15. 2 मई को12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
16. 4 मई को अहमदाबाद से 12844 अहमदाबाद-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
17. 2 एवं 04 मई को हावड़ा से 12810 हावड़ा- छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
18. 4 एवं 06 मई को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से 12809 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

⏭ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### महिला चार बच्चों सहित कुएं में कूदी, सभी मृत



**जामनगर।** गुजरात के जामनगर जिले के एक गांव में एक महिला ने अपने चार बच्चों के साथ कथित तौर पर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला और उसके बच्चों के शव कुएं में तैरते हुए दिखाई दिए जिसके बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है मामले की जांच जारी है।

### कुएं में गिरा ट्रैक्टर, छह मजदूरों की डूबने से मौत



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में सुबह खेतिहर मजदूरों को ले जा रहे एक ट्रैक्टर के कुएं में गिरने से छह लोगों के डूबने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे अलेगांव गांव में हुई। ट्रैक्टर पर कम से कम 10 लोग सवार थे।

### सालगिरह के जश्न में नाचते समय गिरने से मौत



**बरेली।** बरेली के 45 वर्षीय जूता व्यापारी वसीम की शादी की सालगिरह में नाचते समय दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। वसीम को यहां पत्नी फराह के साथ अपनी शादी की 25वीं सालगिरह के जश्न के दौरान नाचते समय दिल का दौरा पड़ा। यह घटना बुधवार रात को बरेली के शाहाबाद इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में हुई।

### दुधवा उद्यान में दिखा दुर्लभ प्रजाति का सांप



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में एक दुर्लभ प्रजाति का सांप (अहेतुल्ला लॉन्गिरोसट्रिस) खोजा गया है जिसके आगे का भाग काफी लंबा होता है। जब अधिकारी सुरक्षा के लिए दीमक के टीले को साफ कर रहे थे, तभी एक हरे रंग का सांप निकला जिसकी प्रजाति दुर्लभ है।

### कलाकृति 'ट्रस्ड बुल' 61.8 करोड़ रुपये में बिकी



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध चित्रकार एम.एफ. हुसैन की कृति 'ग्राम यात्रा' को क्रिस्टी द्वारा न्यूयॉर्क में 118 करोड़ रुपये में नीलाम करने के एक पखवाड़े के भीतर, उनके समकालीन और आधुनिकतावादी चित्रकार तैयब मेहता की कृति 'ट्रस्ड बुल' बुधवार को मुंबई में सैफरनआर्ट की 25वीं वर्षगांठ की नीलामी में 61.80 करोड़ रुपये में बिकी।

### ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान

# टैरिफ बम से दुनियाभर के बाजारों में तबाही, भारत में भी निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम ने पूरी दुनिया के बाजार में तबाही मचाकर रखी है। दुनिया के 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है जिसका असर भारत सहित पूरी दुनिया के बाजारों में पड़ा। भारत के शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण निवेशकों को 10 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ। ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान हुआ। हालांकि ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असर अब अमेरिका पर ही पड़ना शुरू हो गया। बाजार बंद होने से एक घंटे पहले ही निवेशकों के 2.04 ट्रिलियन डॉलर डूब गए।

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद घरेलू शेयर बाजार आज संघर्ष करता हुआ नजर आया। सेंसेक्स 1.22 प्रतिशत या फिर 930.67 अंक की गिरावट के साथ 75,364.69 पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 1.49 प्रतिशत या फिर 345.65 अंक की गिरावट के साथ 22904.45 अंक पर बंद हुआ है। लाइव मिंट के मुताबिक मार्केट कैप एक ही सत्र में 8 लाख करोड़ से अधिक घटकर 405 लाख करोड़ रह गई। बता दें कि अमेरिका में कोविड के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है। जानकारों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ प्लान से अमेरिका की इकॉनमी को भी भारी नुकसान होगा।

## जानकारों का कहना- ट्रंप के टैरिफ प्लान से अमेरिका की इकानॉमी को भी भारी नुकसान



### अमेरिका सहित दुनिया में मंदी की आशंका

फिच रेटिंग्स के अमेरिका में इकनॉमिक रिसर्च के हेड ओलू सोनोला ने एक रिपोर्ट में कहा कि ये टैरिफ सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव है। इससे कई देशों में मंदी आ सकती है। इसी आशंका से दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई।

### अमेरिका के बड़े रिटेलर्स सबसे बड़े आयातक

इसी तरह अमेरिका के बड़े रिटेलर्स भी अपना ज्यादातर सामान विदेशों से मंगाते हैं। इससे ऐमजॉन में 8.1%, टारगेट में 10.6%, बेस्ट बाय में 17%, डॉलर ट्री में 11% और कोहल्स में 21% गिरावट रही। इसी तरह कंप्यूटर और स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियां भी अपने पार्ट्स विदेशों से मंगवाती हैं। कई कंपनियों के तो पूरे प्रोडक्ट बाहर से आते हैं। अब उन कंपनियों के प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे।

### बैंक ऑफ अमेरिका व वेल्स फारगो में गिरावट

अगर अर्थव्यवस्था में मंदी आती है तो लोग और कंपनियां कम पैसे उधार लेंगे। इसकी वजह यह है कि प्रोडक्ट और सेवाओं की मांग कम हो जाएगी। इस कारण बैंकिंग शेयरों में भी गिरावट रही। वेल्स फारगो में 7.8%, बैंक ऑफ अमेरिका में 10.1% और जेपी मॉर्गन चेस 6.2% गिरावट रही। इसी तरह स्टारबक्स, क्रैकर बैरल और चीजकेक फैक्ट्री के शेयर भी नीचे आ गए।

### कोविड के बाद सबसे ज्यादा गिरा अमेरिकी बाजार

ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान हुआ। बैंक, रिटेलर, कपड़े, एयरलाइन और टेक्नोलॉजी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इससे अमेरिका में नैसडैक कंपोजिट इंडेक्स में 5.97% गिरावट आई जो मार्च 2020 के बाद इसमें एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। एसएंडपी 500 और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी जून 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट रही। इससे निवेशकों को 2.4 ट्रिलियन डॉलर की चपत लगी।

### अमेरिकी निवेशकों के भी डूब गए 205 अरब रुपए

ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान हुआ। हालांकि ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असर अब अमेरिका पर ही पड़ना शुरू हो गया। बाजार बंद होने से एक घंटे पहले ही निवेशकों के 2.04 ट्रिलियन डॉलर डूब गए। बता दें कि अमेरिका में कोविड के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है। जानकारों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ प्लान से अमेरिका की इकॉनमी को भी भारी नुकसान होगा।

# परीक्षा प्रभारी ने कराई खुलेआम नकल, वीडियो वायरल के बाद मची खलबली



- मामला डीएलएड प्रायोगिक परीक्षा में सामूहिक नकल का, कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेकर परीक्षा को निरस्त करने की अनुशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

डाइट नगरी में डीएलएड प्रायोगिक परीक्षा में सामूहिक नकल का मामला पूरे प्रदेश में वायरल हो रहा है। नकल प्रकरण का वायरल होने के बाद कलेक्टर ने इसे संज्ञान में लेते हुए जांच का आदेश दिया था। जिसके बाद परीक्षा प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई। नकल प्रकरण को लेकर शिक्षा जगत में खलबली मच गई है। वायरल वीडियो की प्राचार्य ने पुष्टि की है।

जानकारी के मुताबिक परीक्षा प्रभारी ने खुलेआम नकल करवाया था। परीक्षा में 20 परीक्षार्थी दिख रहे थे। परीक्षा प्रभारी मोबाइल व पर्ची से नकल कराते दिखे, जिसका वीडियो सामने आया है। विदित हो कि जिले में सामूहिक नकल का यह पहला मामला है, जिसकी जिले सहित प्रदेश में चर्चा है। लोगों का कहना है कि शिक्षक ही ऐसे कार्य करेंगे तो छात्रों का भविष्य कैसे गढ़ा जाएगा। प्रकरण के बाद प्राचार्य सहित पूरे स्टाफ का बयान लिया गया और परीक्षा निरस्त करने की अनुशंसा की गई। प्रकरण में कलेक्टर ने ⏭ शेष पेज 4 पर

### गलती पर होगी कार्रवाई

अनुशंसा की प्रति पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय के कुलसचिव को भेजी गई है। 23 मार्च की परीक्षा को निरस्त करने की अनुशंसा की गई है। परीक्षा की नई तारीख जल्दी ही घोषित होगी। इस संबंध में डाइट नगरी के प्राचार्य ने बताया कि मैं छुट्टी पर था। प्रैक्टिकल परीक्षा के प्रभारी श्री देवांगन थे। बाहर से एक्सटर्नल भी आए थे। अगर शिक्षक ने गलत किया तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# सीबीआई का फर्जी अफसर बनकर 41 लाख की ठगी गुजरात से दो गिरफ्तार



- एसीसीयू की टीम जुटी जांच में, ठगी की रकम को क्रिप्टो में बदलकर दुबई भेजते थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सीबीआई का फर्जी अफसर बनकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 318(4), 3(5) बीएनएस, आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने मनीष दोषी और अशरफ खान को गुजरात से पकड़ा है।

आईपीएस चिराग जैन व डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि एलआईजी 512 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बघेरा दुर्ग निवासी फरिहा अमीन कुरैशी के मोबाइल पर दिल्ली पुलिस के नाम से एक वीडियो कॉल आया। इसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को दिल्ली का सीबीआई अफसर ⏭ शेष पेज 4 पर

### आरोपी न्यायालय पेश किए गए

आरोपियों से पुलिस ने कार जीजे 13 एआर 2422, नोट गिनने की मशीन, चार चेक बुक, लैपटाप, तीन मोबाइल, आधार कार्ड जब्त किया गया। न्यायालय मोरबी, न्यायालय सुरेन्द्र नगर गुजरात से ट्रांजिस्ट रिमांड आरोपियों का लेकर पुलिस सिटी कोतवाली दुर्ग पहुंची। आरोपियों को न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया। कार्रवाई में दुर्ग कोतवाली प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### अंगडिया ग्रुप करता था हवाला

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों द्वारा साइबर ठगी से मिलने वाली रकम को क्रिप्टो करेंसी में लगाकर दुबई अंगडिया के माध्यम से रकम हवाला किया जाता था। भारतीय स्टेट बैंक गंजपारा दुर्ग से अलग–अलग समय पर आरोपियों द्वारा पीड़िता को डरा धमका कर 41 लाख रुपए का आरटीजीएस के माध्यम से आरबीआई इण्डिया में जमा कराए गए। शिकायत के बाद थाना प्रभारी विजय कुमार यादव के नेतृत्व में सायबर सेल भिलाई से जानकारी मिली कि 9 लाख 50 हजार रुपए 29 जनवरी 2025 को राजकोट नागरिक सहकारी बैंक ब्रांच मोरबी गुजरात के आस्था लांजिस्थ संस्था के नाम से संचालित खाते में उक्त रकम ट्रांसफर हुआ। खाता का संचालक आरोपी नक्षत्र अपार्टमेन्ट 05 फलोर फ्लैट नं. 504 सनाडा रोड़ मोरबी थाना मेरबी सिटी ए डिविजन जिला मोरबी, गुजरात निवासी मनीष दोसी राजकोट गुजरात का होना पाया गया है।

# मोदी की यूनुस को नसीहत- हिंदुओं पर हमले रोकें, माहौल खराब करने वाली बयानबाजी से बचें

एजेंसी ⏭ बैंकाक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की। भारत ने मोहम्मद यूनुस के सामने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए दो टूक कहा कि बांग्लादेश सरकार सबसे पहले वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद कराए। इसके साथ ही बांग्लादेश माहौल खराब करने वाली बयानबाजी और सीमा पर अवैधानिक गतिविधियों को अंजाम देने से भी बाज आए ताकि दोनों देशों के बीच संबंध अच्छे हो सकें।



### पूर्वोत्तर के राज्यों को लेकर यूनुस का विवादित बयान

पड़ोसी देश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिक सरकार बनने के बाद से भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तल्खियां बढ़ गई. मोहम्मद यूनुस ने कई मौकों पर विवादित बयान दिया है, जिस पर भारत ने आपत्ति दर्ज कराई। मोहम्मद यूनुस ने 28 मार्च को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत के पूर्वी हिस्से को सेवन सिस्टर्स कहा जाता है।

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण की चर्चा

इस मुलाकात में यूनुस ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर चर्चा की। हालांकि मंत्रालय ने इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि बांग्लादेश ने शेख हसीना के बारे में एक औपचारिक अनुरोध किया है। इस पर अभी कुछ और कहना सही नहीं होगा। शेख हसीना को अगस्त 2024 में सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद भारत ने शरण दे रखी है।

**आयुष्मान घोटाला मामले में कार्रवाई**

# पूर्व मंत्री के पीएस सहित 21 ठिकानों पर ईडी के छापे

एजेंसी ⏭ जमशेदपुर

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में आयुष्मान भारत योजना में हुए कथित घोटाले के संदर्भ में व्यापक कार्रवाई की। इस अभियान में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निजी सचिव ओमप्रकाश गुप्ता के जमशेदपुर स्थित आवास सहित देश के 21 स्थानों पर छापामारी की गई। यह कार्रवाई भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर शुरू हुई, जिसमें योजना में मृत व्यक्तियों के इलाज जैसे गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ था।



### ओमप्रकाश के आवास सहित यहां दबिश

ईडी की टीम ने सुबह-सुबह जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में स्थित नीलगिरी अपार्टमेंट में ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर छापा मारा। ओमप्रकाश, जो बन्ना गुप्ता के निजी सचिव रह चुके हैं, इस घोटाले में अहम कड़ी माने जा रहे हैं।

## बॉलीवुड में देशभक्ति की अलख जगाने वाले मनोज कुमार नहीं रहे, अंतिम संस्कार आज

# शास्त्रीजी के कहने पर मनोज कुमार ने बनाई थी उपकार

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड के भारत कुमार यानी मनोज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे। आज (4 अप्रैल) मुंबई के कोकिलाबेन धीरुबाई अंबानी अस्पताल में उनका निधन हो गया। अपने चार दशक के लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में बनाईं और उनमें अभिनय भी किया। उनकी ज्यादातर फिल्में देशभक्ति पर आधारित होती थीं। मनोज कुमार की एक ऐसी लोकप्रिय जिसे उन्होंने पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई थी वह थी उपकार, जिसने खूब वाह-वाही लूटी थी। मनोज कुमार के निधन पर राष्ट्रपति, ⏭ शेष पेज 4 पर





**1967 में आई थी 'उपकार':** हम 1967 में आई फिल्म 'उपकार' की बात कर रहे हैं, जिसका निर्देशन खुद मनोज ने किया था। दरअसल, 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद मनोज की मुलाकात शास्त्री से हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री ने अभिनेता को उनके लोकप्रिय नारे 'जय जवान जय किसान' पर एक फिल्म बनाने को कहा था। शास्त्री के कहने पर मनोज ने 1967 में फिल्म 'उपकार' बनाई थी। बता दें 'उपकार' ने उस समय बॉक्स ऑफिस पर 7 करोड़ रुपये कमाए थे।

### देशभक्ति की भावना के प्रतीक थे मनोज: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट कर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने कहा कि दिग्गज अभिनेता और फिल्ममेकर मनोज कुमार भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति की भावना के लिए याद किया जाएगा, जो उनकी फिल्मों में भी दिखाई देती थी। मनोज जी की फिल्मों ने देशप्रेम और गर्व की भावना का प्रसार किया। इससे निरंतर भावी पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेंगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ है... ओम शांति।

# रिलायंस डिजिटल के डिजिटल डिस्काउंट डेज में इलेक्ट्रॉनिक्स पर भारी छूट

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

मुंबई। रिलायंस डिजिटल वापस लेकर आया है डिजिटल डिस्काउंट डेज इंडिया में इलेक्ट्रॉनिक्स की इस सबसे बड़ी सेल में लीडिंग बैंक कार्ड्स और पेपर फाइनान्स पर 25 हजार रुपए तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर्स 20 अप्रैल तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स पर और ऑनलाइन reliance digital.in पर मान्य हैं। आसान फायनेंस, ईएमआई विकल्पों और सबसे जल्दी डिलीवरी और इंस्टॉलेशन के साथ यह राइट टाइम अपग्रेड करने का है। यहां 1.5 टन 3 स्टार एसी के साथ 26 हजार 990 रुपए से शुरू है। एयर कूलर्स की विशाल रेंज पर बेस्ट डील्स का फायदा उठाए, सकते हैं। रेफ्रिजरेटर केवल 61 हजार 990 रुपए में, लैपटॉप पर 30000 रुपए तक के छूट का लाभ उठा सकते हैं। सबसे किफायती कीमतों पर बिल्कुल नए स्मार्टफोन्स खरीदें। टीवी पर 60 प्रतिशत तक की छूट इसमें 55 इंच 4 के गूगल टीवी केवल 26 हजार 990 रुपए में। वॉशर ड्रायर्स 49 हजार 990 रुपए से शुरू और पाएं 3000 रुपए के उपहार मुफ्त। एप्पल 4 एयर पॉड्स 537 रुपए प्रति माह के ईएमआई पर और एप्पल वॉच सीरीज 10 रुपए 3908 रुपए माह की ईएमआई पर ले सकते हैं। इसी तरह होम एंड किचन एप्लायंसेस पर ज्यादा खरीदें, ज्यादा बचत वाला ऑफर में खरीदें 1, पाइए 5% की छूट, खरीदें 2 पाएं 10% की छूट, खरीदें 3 और फायदा 15 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है।

# शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्ति व समाज को प्रगति की ओर ले जाता है : राज्यपाल




**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विद्यार्थियों को देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्ति और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कुल गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।इस समारोह में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा धारक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र धारक भी शामिल रहे। इसमें पीएचडी शोधार्थी भी शामिल हैं जो अनुसंधान ज्ञान के नए आयाम खोलेंगे। समारोह में 8 को स्वर्ण पदक और 9 को रजत पदक मिले। विशिष्ठ अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा, लेकिन मेडल से मॉडल बनने की यात्रा कठिन है। जिन्हें मेडल नहीं मिले हैं उन्हें और संघर्ष करते हुए संकल्प लेना होगा कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मर सकता है। अब आपको जीवन की नई शिक्षा ग्रहण करनी है। मात्र पढ़ने लिखने व कार्स करने का नाम शिक्षा नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति अच्युतानंद मिश्र ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से उद्यमिता विकसित करने वाले बनें। जिससे देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।

> मंगलायतन विवि के दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल ने दिए पदक

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि हम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 11वां दीक्षांत समारोह का यह ऐतिहासिक अवसर केवल एक उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यहां मिलने वाली उपाधियां अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। शिक्षा जीवन भर चलने वाली यात्रा है। विवि विद्यार्थियों का घर रहेगा और जीवन आपको कहीं भी ले जाए हमेशा इस परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दिकी, प्रो. किशनपाल सिंह, प्रो. आरके शर्मा ने उपाधि धारकों को प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



बिजनेस साइट

# युवराज पार्क कॉलोनी में बुकिंग जारी



बिलासपुर। सैदा रोड सकरी स्थित युवराज बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जितेंद्र साहू एवं वीरेंद्र साहू ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर हमारे नए प्रोजेक्ट युवराज पार्क फेस 1 एवं फेस 2 में स्वतंत्र आवासीय प्लाटों का शुभारंभ कर बुकिंग प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारा यह नया प्रोजेक्ट कॉलोनी सकरी सैदा रोड में मां महामाया मंदिर के आगे स्थित है। नवरात्रि से रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव पर बुकिंग करने पर विशेष छूट दिया जा रहा है। इस युवराज पार्क कॉलोनी सकरी में स्वतंत्र आवासीय प्लाट उपलब्ध है। उक्त कॉलोनी टीएनसी एवं रेरा रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट है। लोगों की सुविधा के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तत्काल फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। कालोनी में सीसी रोड,पक्की नाली, बिजली ट्रांसफार्मर, स्ट्रीट लाइट, मंदिर ,गार्डन, बाउंड्री वॉल आदि कि सुविधाएं प्रस्तावित है।

# भारतीय चावल पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि एक अस्थायी बाधा

**कोलकाता।** भारतीय चावल निर्यातकों ने 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना लिया है जबकि उद्योग के दिग्गजों का कहना है कि भारत की अंतर्निहित प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण इसका दीर्घकालिक प्रभाव सीमित हो सकता है। भारतीय चावल निर्यातक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हालांकि अल्पकालिक समय में मूल्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है लेकिन अगले दो-तीन महीनों में बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है। सीमा शुल्क एक अस्थायी बाधा है, न कि अवरोध। रणनीतिक योजना और लचीलेपन के साथ हम न केवल बचाव कर सकते हैं बल्कि अमेरिकी बाजार में विस्तार भी कर सकते हैं।भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका में 26 प्रतिशत शुल्क लगाया जाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे निर्यातकों में घबराहट नहीं होनी चाहिए।

## RAJEEV SMRITI VAN VIKAS SAMITI

**Office of Divisional Forest Office, Gourav Path, Raipur, Dist.-Raipur (Chhattisgarh) Phone no. 0771-2427640**
**Email-dfo_raipur@rediffmail.com Website - www.cgforest.com**

Ref Stor/1055 Raipur, Dated 03/04/2025

**REQUEST FOR PROPOSAL FOR AUDITING**

Undersign invites request for proposal (RFP) from CA Professional for the auditing of accounts of Rajeev Smriti Van Vikas Samiti. Interested CA firm may purchase RFP document from above address by paying DD of Rs. 1000 in the name of 'DFO', Raipur.

Last date of submission of RFP is 28-04-2025 up to 3 PM, RFP will be opened on same day at 4 PM.

**Divisional Forest Officer**
**Raipur Division, Raipur**

G-252600096/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03 माचाडोली (छ.ग.)

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्र. 873/व.ले.लि./2025 माचाडोली, दिनांक 3/4/25

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्र. 4212727/निविदा प्रकोष्ठ/2025/2975 (T.C.) दिनांक 02.04.2025 के अनुपालन में इस कार्यालय की निविदा सूचना क्र. 15/ व.ले.लि./2024-25 दिनांक 18.10.2024 सिस्टम नं. 160133 (द्वितीय आमंत्रण) मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली के स्पीलवे ट्रीटमेंट का कार्य (ब्लॉक नं. 19 से ब्लॉक नं. 30) की अनुमोदित राशि रू. 953.59 लाख के कार्य के लिये आमंत्रित की गई द्वितीय निविदा में केवल एक ही निविदाकार अपार इन्फ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड "अ" श्रेणी ठेकेदार (यूनिक आईडी. क. CgeR23452 गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) द्वारा प्रस्तुत निविदत राशि 11,11,00,000.00 (ग्यारह करोड़ ग्यारह लाख) मात्र जो विभाग में प्रचलित एस. ओ. आर. दर पर आधारित एवं Municipal Corporation Mumbai Item Code R2-CS-RF-8 & Schedule B Almati Dam Karnataka पर प्राक्कलित लागत राशि रू. 953.59 लाख की तुलना में 16.51 प्रतिशत अधिक है। जो कि विभाग में प्रचलित दरों से अधिक। दर है, को निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई है जिसके परिपालन में मुख्य अभियंता मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना बिलासपुर ने अपने ज्ञाप क्रमांक 1564/सा-1-2 (42) नि.आ. 2024-25 बिलासपुर दिनांक 03.04.2025 के द्वारा दिये निर्देशों का पालन करते हुए निविदा निरस्त की जाती है। (जी नं.-242503333 दिनांक 18.10.2024)

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 03 माचाडोली (छ.ग.)**

जी-252600095/3

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
## DEPARTMENT OF ENERGY
## MANTRALAYA
## MAHANADI BHAWAN, NAYA RAIPUR

**Advertisement**

Applications are invited for the 02 Posts of Members [01 for Member and 01 for Member (Law)] in Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission. Information regarding notice of advertisement, eligibility criteria, application format etc. are available on the websites of Government of Chhattisgarh i.e. www.cgstate.gov.in, www.cspc.co.in & www.cserc.gov.in.

Applications should be send to Dr. Rohit Yadav, Secretary, Government of Chhattisgarh, Department of Energy, Room No. M 3-19, Mahanadi Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh 492002 on the prescribed format, which must reach by date 5th May, 2025.

Applications may also be submitted on e-mail id cserc2025 @ gmail.com till the last date. Applications received after due date shall not be considered and shall be summarily rejected.

**(Ashutosh Kumar Jaiswal)**
**Deputy Secretary**
**Government of Chhattisgarh**
**Energy Department**

G-252600101/3

## छत्तीसगढ़ जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर

**(इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर ) फोन - 2221616**

**शासकीय प्रचार सामग्री वितरण हेतु मालवाहन में परिवहन की दर निर्धारण हेतु तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 2518/ जसंसं/प्रका./ परि./2025-26 नवा रायपुर दिनांक 04/04/2025

जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर द्वारा समय-समय पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित मुद्रण/ प्रकाशन संबंधित प्रचार-प्रचार सामग्री प्रदेश के सभी जिलों के जिला जनसंपर्क कार्यालयों एवं अन्य स्थानों पर परिवहन हेतु विभिन्न मालवाहन (छोटा हाथी, पिकअप, माजदा, ट्रक इत्यादि) की आवश्यकता होगी।

अत: दर निर्धारण हेतु इच्छुक स्थानीय ट्रांसपोर्टरों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र के लिए निर्धारित शुल्क रूपए 500/- (रूपए पांच सौ मात्र, वापसी योग्य नहीं) संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर के लेखा शाखा में राशि जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य है। निविदा के साथ अमानत राशि 25,000 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर के नाम पर जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र व नियम एवं शर्ते जनसंपर्क संचालनालय की वेबसाईट www.dprcg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा के नियम-शर्तो या अन्य किसी प्रकार के संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जाएगी। मात्र उक्त वेबसाईट में संशोधन की सूचना / जानकारी दी जाएगी। निविदा के साथ सीलबंद लिफाफे में संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर के नाम से जनसंपर्क संचालनालय, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर-अटल नगर, जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ के पते पर जमा करना होगा। अंतिम तिथि के बाद मिलने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

(1) निविदा के नियम शर्त एवं दर प्रपत्र प्राप्त करने के अंतिम तिथि- 15/04/2025 दोप. 01.00 बजे तक।
(2) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 15/04/2025 दोप. 02.00 बजे तक।
(5) टेक्नीकल बीड निविदा खोले जाने की तिथि- 15/04/2025 दोप. 03.00 बजे से
(6) फाईनेंशियल बीड निविदा खोले जाने की तिथि- 15/04/2025 सायं 04.00 बजे से

**आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय,**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

जी. 252600103/3

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**email: cmhojanjgir@gmail.com**

क्रमांक/एन.एच.एम./संविदा भर्ती 2024/ जांजगीर, दिनांक / /2025

**सूचना**

**(24 संवर्ग के 31 संविदा पदो हेतु 1:10 में शामिल पात्र अभ्यार्थियो की सूची का प्रकाशन)**

कार्यालयीन पत्र क्र/एनएचएम/2023-24 / 2515 जिला जांजगीर-चांपा दिनांक 12.03.2024 के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिला स्तर के रिक्त 48 संवर्ग के 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें से 24 संवर्ग के 31 संविदा पदो की अंतरिम मेरिट सूची के उपरांत पात्र अभ्यार्थियो की मेरिट सूची क्रमानुसार 1:10 की सूची जारी किया जा रहा है। 24 संवर्ग के पदनाम निम्नानुसार है :-

01. Secretarial Assistant (IDSP), 02. Jr. Sect. Assistant (BLOCK), 03. Secretarial Assistant (NMHP), 04. Secretarial Assistant - NPCB, 05. Jr. Secretarial Assistant PADA (NHM), 06. Secretrial Assistant-NUHM, 07. Jr. Secretarial Assistant - UHWC, ( 15th Finance) 08. Secretarial Assistant (DPMU), 09. Secretarial Assistant (NVBDCP) 10. District Data Assistant 11. Accountant NUHM 12. Block Account Manager (NHM) 13. Programme Associate PPM (NTEP), 14. Programme Associate-DEIC 15. Block Programme Manager (NHM), 16. Counsellor (Blood Bank), 17. Dental Assistant (DEIC ) 18. MO-AYUSH (RBSK), 19. Dental Assistant (NOHP) NHM, 20. Lab Attandant (NIDDCP), 21. Block Supervisor - VBD (NHM), 22. TBHV (NTEP) Tuber Culosis health visitor 23. STLS (Lab Supervisor)-(NTEP) 24. Programme Associate - PHN है।

जिसे जिले के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in में भी अवलोकन किया जा सकता है एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा किया गया है।
(गठित चयन समिति द्वारा अनुमोदित)

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

संवाद-43453

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
### OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(Notice Inviting Tender)**
**1st Call**

NIT NO:- 03/EE/M.W./2025 RAIPUR DATED: 04/04/2025

Online bids are invited for the following works up to 28-04-2025 at 17:30 hours.

| SN | System Tender No | Name of Work | Earnest Money Deposit Rs. |
|---|---|---|---|
| 1- | 166611 | Chain mounted Excavator 210 (Per Hour) | 50,000.00 |
| 2- | | Chain mounted Excavator 210 (Per Hour) (with Rock Braker attachment) | |
| 3- | | Chain mounted Excavator shifting (per shift) | |
| 4- | | Mini Excavator (Per Hour) | |
| 5- | | backhoe loader (Per Hour) | |
| 6- | | Tipper 16T (Per Day) | |
| 7- | | Tractor 35 HP & above (Per Day) | |
| 8- | | TATA ACE (Per Day) | |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 04-04-2025, 11.00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

**NOTE:**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help
3. Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
4. Contact Number - 8223840510

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 09/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 04/04/2025

**प्रथम मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अध्यक्ष/ पार्षद /जलकष्ट /पालिका /शासन /अन्य मंद अंतर्गत स.क्र. 1 से 10 तक नॉन एस.ओ.आर. आईटम दर पर प्रपत्र (ब) में वर्तमान दिनांक तक प्रभावशील अनुसूची अनुसार कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में निम्नलिखित सिविल कार्यो की मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 15/04/2025 समय सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 21/04/2025 समय दोपहर 4:00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 28/04/2025 समय दोपहर 3:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 28/04/2025 समय दोपहर 4:00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/2 से 25 एच.पी. तक सबमर्सिबल मोटर पंप एवं मोनो ब्लाक मोटर पंप रिपेयरिंग एवं स्टार्टर मरम्मत कार्य | 9.90 | 7500 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 2 | वाहन मरम्मत कार्य | 9.90 | 7500 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 3 | विद्युत सामाग्री क्रय | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 4 | 1/2 से 25 एच.पी. तक सबमर्सिबल मोटर पंप एवं मोनो ब्लाक मोटर पंप क्रय | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 5 | 1/2'' से 4'' तक जी.आई. पाईप, साकेट, केबल वॉयर एवं अन्य समस्त फिटिंग सामग्री क्रय | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 6 | स्टेशनरी सामग्री क्रय | 5.00 | 5000 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 7 | पेनल बक्सा | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 8 | फ्लेक्स बैनर छपाई, कट-आउट बनवाने एवं अन्य कार्य | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 9 | टेंट सामग्री/ कैटरिंग एवं अन्य व्यवस्था हेतु | 9.90 | 9900 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |
| 10 | सफाई सामग्री क्रय | 5.00 | 5000 | 750 | 31 मार्च 2026 तक | सक्षम श्रेणी |

टीप :- 1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. जी.एस.टी. पंजीयन कापी, आयकर चुकता प्रमाण पत्र पेनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति। 3. निविदा राशि की 15 प्रतिशत राशि बैंक साल्वेंसी प्रमाण पत्र (01 वर्ष से अधिक नहीं)।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुंगेली**

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञानसंस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.

**FAX (O)-07752-224200, PHONE (O) - 07752-230030**

क्रमांक/26-25/ औ.मं./सं.सं.अधि./सिम्स चिकि./2025 बिलासपुर, दिनांक 28.03.25

**कन्ज्यूमेंबल/सर्जिकल सामाग्री आपूर्ति हेतु ई- निविदा 2025-26**

| | |
|---|---|
| सिस्टम टेंडर नं. 166511 निविदा कार्य का नाम | सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजों, आयुष्मान लाभान्वित मरीजों मरीजों के लिए कन्ज्यूमेंबल/सर्जिकल सामाग्री की आपातकालीन स्थिति में तत्काल पूर्ति किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रूपये 2000.00 का Demand Draft (दो हजार रू0 मात्र/-) वापसी योग्य नहीं, जो की संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent, CIMS Hospital Bilaspur C. G. ) सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में देय हो । |
| निविदा प्रारंभ तिथी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के. माध्यम से | दिनांक 09/04/2025 समय 10.00 AM. से प्रारंभ |
| निविदा संबंधित दस्तावेजों की हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 09/05/2025 समय 03.00 PM से पूर्व ( सील बंद रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/पी. एंड टी विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा जमा किया जाना है) संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 13/05/2025 संध्या 4.00 PM. |
| निविदा अमानत राशि | रूपये 1,50,000.00 (रूपए एक लाख पचास हजार /-) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक। जो की संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक (Joint Director and Superintendent, CIMS Hospital, Bilaspur), सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर के पक्ष में देय हो। |
| निविदा खोलने के हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर में कार्यालयीन दिवस एवं अवधि में। |

उपरोक्तानुसार इच्छुक निविदाकारों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.)**

जी-252600059/2

## Public Works Department
### Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No. 450/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated- 28.03.2025

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites percentage rate bids on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-II** in the district of Bijapur & Narayanpur for construction of **03 High Level Bridges and 01 road** with estimated cost amounting **Rs 1626.36 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 28.03.2025 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 08.04.2025

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G.- 252600062/5

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

**बिजली बंद की सूचना**

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि कोरबा के अंतर्गत तुलसीनगर, जोन के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. फीडरों में पूर्व मानसून रखरखाव कार्य किये जाने के कारण उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन अनुसार तुलसीनगर, जोन प्रात: 07:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्रं. | दिनांक / दिन | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 33/11 के.व्ही. फीडरों का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/04/2025 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन गायत्री मंदिर फीडर | कन्या शाला, डी.के. हास्पीटल, सी.सी. एन. महाराजा होटल व आसपास का क्षेत्र। |
| 2 | 12/04/2025 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन टीनादफाई फीडर | राताखार, गेरवाघाट, मांझी मोहल्ला, गौरा चौक व आसपास का क्षेत्र। |
| 3 | 15/04/2025 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन पी. एच. रोड फीडर | डी.डी.एम. रोड, पी.एच. रोड, सुनालिया पुल, केनाल रोड व आसपास का क्षेत्र। |
| 4 | 17/04/2025 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन राता खार मिशन रोड फीडर | राताखार, मिशन रोड, मिशन चर्च, सर्वमंगला रोड व आसपास का क्षेत्र। |
| 5 | 22/04/2025 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन टी.पी. नगर फीडर | यूनियन बैक, राजू होटल, लालूराम कालोनी, कॉफी हाउस, एक्सीस बैंक, दीप्ति चश्मा घर व आसपास का क्षेत्र। |
| 6 | 24/04/2025 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन दर्री रोड फीडर | दर्री रोड, बंसल एजेंसी, बाईपास अग्रसेन चौक, दलिया गोदाम व आसपास का क्षेत्र |
| 7 | 26/04/2025 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाईन कोरबा शहर फीडर | पवन भोग, आर.के.टी.सी., शनि मंदिर, श्वेता नर्सिंग होम, पानी टंकी व आसपास का क्षेत्र। |
| 8 | 29/04/2025 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन मुड़ापार फीडर | रामनगर, सुभाष ब्लाक, मुड़पार बाजार, संवाद साधना, तरूण छत्तीसगढ़ व आसपास का क्षेत्र। |
| 9 | 01/05/2025 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन शारदा विहार फीडर | शारदा विहार, अमरैयापारा, मनोज बेकरी, अटल आवास, नेहरू चौक व आसपास का क्षेत्र। |
| 10 | 03/05/2025 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाईन टाउन-II फीडर | चिमनीभट्ठा, नेहरू काम्पलेक्स व आसपास का क्षेत्र। |

नोट :-1. समयावधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। 2. सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

"विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है"

**कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग**
**छ.स्टे. पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., कोरबा**

संवाद-43451

## Public Works Department Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-2, Raipur. (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

No.01 /Raipur/2025-26 Raipur, Dated-03-04-2025

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work:- "जिला बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स निर्माण कार्य के लिये वास्तुविद चयन करने बाबत ।"
Probable cost of project (Amount of AA) :- Rs. 1559.22 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/ consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Balodabazar Division, |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 10 to 25 Crore | Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 5,000=00 |

General Condition - All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 22-04-2025 by 17:30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/ pwdraipur from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

**Superintending Engineer**
**Public Works Department**
**Raipur Circle No.2 Raipur**

G-252600098/2

## कार्यालय नगरपालिका परिषद पेण्ड्रा, जिला- गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)

**E-mail-pendrapanchayat@gmail.com**

क्रमांक /61/ न.पा.प./ नि.आ./2025-26 पेण्ड्रा, दिनांक 04 04, 2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगरपालिका परिषद पेण्ड्रा निम्न कार्यों की निविदा आमंत्रित करता है। अत: सक्षम श्रेणी में एकल पंजीकृत ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में तीन लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 24.04.2025 कार्यालयीन समय तक।
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि :- 29.04.2025 कार्यालयीन समय तक।
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 07.05.2025 शायं 4.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :- 08.05.2025 सुबह 11.00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ प्रकार एवं SOR का विवरण | कार्य पूर्ण की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत मरम्मत सामग्री प्रदाय कार्य (वार्षिक निविदा) | 9.50 | 9500/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 2 | जल प्रदाय मरम्मत सामग्री प्रदाय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 9.50 | 9500/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 3 | सबमर्सिबल पंप/मोनोब्लाक मरम्मत सामग्री प्रदाय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 9.50 | 9500/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 4 | जे.सी.बी. मशीन किराये से प्रदाय कार्य। (डीजल एवं समस्त व्यय सहित) (दर प्रति घंटा प्रतिदिन) (वार्षिक निविदा) | 8.00 | 8000/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 5 | टेंट सामग्री एवं साउण्ड सिस्टम किराये से प्रदाय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 6 | ओव्हर हेड टैंक एवं सम्पवेल सफाई एवं लिकेज मरम्मत कार्य। (वार्षिक निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 7 | सफाई सामग्री प्रदाय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 5.00 | 5000/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 8 | प्रचार-प्रसार सामग्री प्रदाय एवं प्रिंटिंग कार्य। (वार्षिक निविदा) | 4.00 | 4000/- | 750/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 9 | ट्यूबवेल / हेण्डपंप लोवरिंग, लिफ्टिंग कार्य। (वार्षिक निविदा) | 3.00 | 3000/- | 300/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 10 | मृत मवेशी के डिस्पोजल कार्य। | 2.00 | 2000/- | 300/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |
| 11 | ट्रेक्टर ट्राली से मलवा फेकने का कार्य। (वार्षिक निविदा) | 3.00 | 3000/- | 300/- फार्म स | कार्यादेश अनुसार |

टीप :- नियम, शर्तों एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी के लिये लो.नि. शाखा में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। शासकीय अवकाश होने पर अगामी दिवस में कार्यवाही की जावेगी।


पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबंधित है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा**


MARUTI SUZUKI
NEXA
GRAB IT BEFORE THE PRICE HIKE FROM 8th APRIL.
DRIVE HOME YOUR FAVOURITE NEXA CAR BEFORE THE PRICES GO UP.
C R E A T E. I N S P I R E.
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
ONLY 03 DAYS LEFT
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹1 00 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PRICE HIKE OF UP TO ₹ 62 000#.
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS UP TO ₹ 15 000 IS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. #Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. *3 years or 100 000 km – whichever is earlier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 7th April 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper.

# 4.5 अरब साल पहले कैसी थी पृथ्वी की सतह? कांपती धरती ने खोले गहरे राज

वैज्ञानिकों ने एक नए शोध में पृथ्वी की 4.5 अरब साल पुरानी सतह के रासायनिक रहस्यों को उजागर किया है। स्टडी में पाया गया कि पृथ्वी की शुरुआती सतह में वही रासायनिक विशेषताएं थीं, जो आज के महाद्वीपीय क्रस्ट में देखी जाती हैं। इससे पता चलता है कि यह रासायनिक पहचान पृथ्वी के बनने के समय से ही मौजूद थी, न कि प्लेट टेक्टॉनिक्स की शुरुआत के बाद.



### क्यों महत्वपूर्ण है ये रिसर्च?

इस खोज के महत्वपूर्ण नतीजे हो सकते हैं। इसका मतलब यह है कि वैज्ञानिकों द्वारा पहले माना गया यह विचार गलत हो सकता है कि जब प्लेट विवर्तनिकी शुरू हुई, तभी महाद्वीपीय क्रस्ट ने अपनी अनूठी रासायनिक पहचान विकसित की। इसके विपरीत, इस अध्ययन से यह संकेत मिलता है कि यह रासायनिक पहचान शुरुआत से ही थी और समय के साथ यह बार-बार पुनर्चक्रित होकर द्वीपीय चापों में समाहित होती गई। इसलिए, वैज्ञानिकों को प्लेट विवर्तनिकी की शुरुआत का पता लगाने के लिए अब किसी अन्य संकेतक की तलाश करनी होगी।

**लंदन।** पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां प्लेट प्लेट टेक्टोनिक्स मौजूद है। यह प्रक्रिया महाद्वीपों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और माना जाता है कि जीवन की उत्पत्ति में भी सहायक रही होगी। लेकिन, एक बड़ा वैज्ञानिक सवाल अब भी बना हुआ है कि पृथ्वी पर प्लेट टेक्टोनिक्स की शुरुआत कब हुई? इस सवाल का जवाब खोजने के लिए वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की 4.5 अरब साल पुरानी सतह की स्टडी किया है।

इस नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने इस रहस्य को सुलझाने के लिए पृथ्वी के शुरुआती मेंटल और उस समय के रासायनिक तत्वों के व्यवहार का विश्लेषण किया। इस अध्ययन को प्रतिष्ठित जर्नल नेचर में प्रकाशित किया गया है।



### क्या बता रहे रिसर्चर्स?

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, कर्टिन विश्वविद्यालय, क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ लियोन के शोधकर्ताओं की टीम ने गणितीय मॉडलिंग का इस्तेमाल करके यह जानने की कोशिश की कि जब पृथ्वी का कोर बन रहा था और सतह पिघले हुए लावा से ढकी थी, तब उसमें क्या रासायनिक प्रक्रियाएं चल रही थीं।

### प्रारंभिक सतह, जिसे प्रोटोक्रस्ट कहा जाता है

रिसर्चर्स के अनुसार, पृथ्वी की सबसे प्रारंभिक सतह, जिसे प्रोटोक्रस्ट कहा जाता है, उसमें वही रासायनिक विशेषताएं पाई गईं, जो आज के महाद्वीपीय सतह में देखी जाती हैं। उदाहरण के लिए, नियोबियम तत्व पिघलकर पृथ्वी के कोर में चला गया, जबकि रेयर अर्थ एलिमेंट्स सतह पर मौजूद मैग्मा के साथ ऊपर आ गए और ठंडा होकर क्रस्ट बनाने लगे। इससे पता चलता है कि जिस रासायनिक पहचान को वैज्ञानिक अब तक प्लेट विवर्तनिकी की शुरुआत का संकेत मानते थे, वह दरअसल पृथ्वी के बनने के समय से ही मौजूद थी।

## रोचक खबरें

## कुत्ते-बकरी की लड़ाई में आमने-सामने मरोझियां गांव के लोग



**रोहतास।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के मरोझियां गांव में एक मामूली घटना ने बड़ा और खतरनाक रूप ले लिया। विवाद की शुरुआत एक पालतू कुत्ते और बकरी की झड़प से हुई। बताया जा रहा है कि कुत्ते ने बकरी को काट लिया। इसके जवाब में बकरी के मालिक ने गुस्से में आकर कुत्ते की पिटाई कर दी। यहीं से मामला बिगड़ गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, और बात हाथापाई और पत्थरबाज़ी तक पहुंच गई।

**दोनों तरफ से लोग घायल :** स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि दोनों तरफ से लोग घायल हो गए।किसी का सिर फटा तो किसी को गहरी चोटें आईं। गांव में अफरातफरी मच गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ एसपी, एसडीएम, एसडीपीओ, थानाध्यक्ष सहित कई अधिकारी गांव पहुंचे।

### फिलहाल नियंत्रण में है गांव की स्थिति

एसपी रौशन कुमार ने जानकारी दी कि फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन पुलिस की तैनाती रामनवमी तक की गई है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना दोबारा न हो।गांव में पुलिस कैंप कर रही है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### रामनवमी के बाद गांव के दोनों पक्षों की बैठक

एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि रामनवमी के बाद गांव के दोनों पक्षों को बुलाकर बैठक की जाएगी, ताकि स्थायी शांति बहाली का रास्ता निकाला जा सके। अधिकारियों का मानना है कि अब समय आ गया है कि गांववाले अपने अंदर की हिंसा को त्याग कर आपसी मेल-जोल और समझदारी से समस्याएं सुलझाएं।

## इंसान छोड़िये, जानवर भी नहीं देता दिखाई!

# यूपी का अनोखा गांव, रामनवमी से पहले हो जाता है खाली

एजेंसी ⏭ कुशीनगर

कुशीनगर के एक गांव में हिंदू-मुस्लिम मिलकर एक अनोखी परंपरा निभाते आ रहे हैं। जहां चैत्र नवरात्रि के रामनवमी से एक दिन पहले पूरे गांव के लोग अपना घर बार छोड़कर बैरागी हो जाते हैं। एक दिन के लिए पूरा गांव खाली हो जाता है। यहां न कोई गांव का पानी पीता है और न कोई गांव का भोजन करता है।



### गांव का क्या नाम?

कुशीनगर का यह गांव है चंदन बरवा, जो नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में पड़ता है। इस गांव की मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि में एक दिन के लिए यहां के रहने वाले ग्रामीण वनवासी हो जाते हैं। गांव के लोग एक दिन के लिए बैरागी की तरह गुजर बसर करते हैं। हिन्दू मुस्लिम कई सालों से चली आ रही परंपरा को मिलकर निभा रहे हैं। गांव में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के करीब 150 परिवार रहते हैं।

### क्या है मान्यता?

बता दें कि ग्रामीण बताते हैं कि सैकड़ों साल पहले गांव में महामारी का प्रकोप फैला था, जिससे कई लोगों की जानें चली गई थीं। गांव के लोग बहुत परेशान थे और इलाज का कोई असर नहीं हो रहा था। इसी बीच गांव में एक महात्मा भिक्षा मांगने के लिए आए। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इसे दैवीय श्राप बताया। उन्होंने उपाय सुझाया कि गांव के लोगों को चैत्र नवरात्रि में एक दिन गांव से बाहर रहना पड़ेगा।

### गांव हो जाता है खाली?

ग्रामीण इस पर राजी हो गए। नवरात्र के छठवीं तिथि को ग्रामीण भिक्षाटन करते हैं और सातवीं तिथि को गांव से बाहर दूसरे गांव में एक दिन बगीचे व खेतों में टेंट लगाकर भोर में ही गांव छोड़कर वनवासी जीवन गुजारते हैं। घर में चाहें कोई बीमार हो या एक दिन की आई नवविवाहिता हो. सभी को घर से बाहर दिन गुजरना होता है।



### कहीं नहीं दिखेगी ऐसी अनोखी परंपरा

इतना ही नही गांव के पशुओं को भी लेकर आने साथ चले जाते हैं। सभी लोग दिन में सतुआ भुजा खाते हैं और रात में भोजन बनाते हैं। भिक्षाटन में मिले अनाज और पैसे से अगरबत्ती कपूर जलाकर प्रार्थना करते हैं। गांव में हिन्दू व मुस्लिम दोनों समुदाय का परिवार रहता है और दोनों समुदाय के लोग इस परम्परा को आस्था मानकर निभाते हैं। गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देने वाले इस गांव की यह अनोखी कहानी शायद ही कही देखने को मिले।



## न चांदी, न सोना, बादाम से बना राम मंदिर! दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट के लोग हमेशा कुछ नया करने में विश्वास रखते हैं, चाहे कोई भी अवसर हो। राजकोट के लोग हर त्योहार को अनोखे अंदाज में मनाते हैं। रामनवमी का त्योहार नजदीक आ रहा है, और इस मौके पर राजकोट के एक डेयरी व्यापारी ने बादाम से अनोखा राम मंदिर बनाया है। इस मंदिर को उन्होंने अपनी दुकान में रखा है।

**अनोखा और दिव्य मंदिर बना :** दरअसल, राजकोट के रैन बाजार में गायत्री डेयरी के किशोरभाई साकरिया और तेजभाई साकरिया ने यह अनोखा और दिव्य मंदिर बनाया है। इसकी नक़्क़ाशी अयोध्या के राम मंदिर जैसी ही है। इसमें राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियाँ भी रखी गई हैं। यह मंदिर भक्तों के लिए खुला रखा गया है और लोग दूर-दूर से इसके दर्शन करने आ रहे हैं।

### रामनवमी के बाद इस कृति को भेंट किया जाएगा

बता दें कि गायत्री डेयरी के मालिक तेजभाई साकरिया ने बताया, 'राम नवमी के त्योहार पर हमें कुछ नया करना था। इसलिए हमने सोचा कि हम बादाम से भगवान श्रीराम का एक मंदिर बनाएं। इसके लिए हमने अच्छी क्वालिटी के बादाम लिए, उन्हें रोस्ट करके यह मंदिर बनाया है, जिसका वजन 32 किलो है। रामनवमी तक यह मंदिर दर्शन के लिए रखा जाएगा। राम नवमी के बाद इसे शहर के किसी बड़े राम मंदिर में भेंट स्वरूप दे दिया जाएगा।'

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शाह रायपुर में लेंगे ...

और शनिवार को बस्तर दौरे पर जाएंगे। दंतेवाड़ा में वे पंडुम महोत्सव का समापन करेंगे। इसी के साथ वहां पर जन प्रतिनिधियों और सुरक्षा बलों के कमांडरों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इनके साथ गृह मंत्री भोजन भी करेंगे। इसके बाद रायपुर लौटने पर यहां नक्सल मुद्दे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। श्री शाह शनिवार को सुबह 10:50 बजे रायपुर से जगदलपुर के लिए उड़ान भरेंगे। जगदलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दंतेवाड़ा जाएंगे।

### रायपुर में ...

पुलिस, सीआरपीएफ और बीएशएफ जैसे सेंट्रल फोर्स के कमांडर भी शामिल होंगे। नक्सलियों की तरफ से आए शांति वार्ता के प्रस्ताव पर भी इस बैठक में विचार होगा। इसी के साथ नक्सल मुद्दों पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। श्री शाह ने मार्च 2026 तक देश के नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान करीब एक साल पहले किया था। एक साल में नक्सलियों पर लगातार एक्शन हो रहा है। इससे घबराए हुए नक्सलियों की तरफ से अब शांति वार्ता का प्रस्ताव भी आया है।

### खनिज में छत्तीसगढ़ ...

अधिक की भागीदारी है। यहां मुख्य रूप से लौह अयस्क, कोयला, चूनापत्थर और बाक्साइट के विशाल भंडार हैं, जो खनिज राजस्व के प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा, राज्य में सामरिक महत्व के खनिजों सहित कुल 28 प्रकार के खनिज भंडार की पुष्टि हुई है। **ई-नीलामी प्रणाली से अतिरिक्त राजस्व-** वर्ष 2015 से खनिज विभाग द्वारा खनिजों का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन की कार्यवाही की जा रही है, जिससे रॉयल्टी के अलावा प्रीमियम के रूप में अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो रही है। खनिज राजस्व में हो रही बढ़ोत्तरी में ई नीलामी के माध्यम से स्वीकृत खदानों का योगदान अब स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है।

### तकरीर में वक्फ विधेयक ...

है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैसे भी प्रदेश में मस्जिदों में तकरीर में सिर्फ धार्मिक बातें करने की ही इजाजत है। अब मस्जिदों को नमाज के बाद होने वाली तकरीर के विषयों को लेकर वक्फ बोर्ड को जानकारी देकर अनुमति भी लेनी होती है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने कहा, वक्फ बिल पर प्रदेश के किसी भी मस्जिद या दरगाह में चर्चा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुतवल्लियों या पदाधिकारियों द्वारा मस्जिद में किसी प्रकार की वक्फ बिल को लेकर चर्चा नहीं होनी चाहिए।

### खरसिया-नया रायपुर...

छत्तीसगढ़ में नया अध्याय लिखेगी जिससे न केवल कोयला, सीमेंट और लौह अयस्क जैसे क्षेत्रों में उत्पादन और परिवहन को गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की आवश्यकता और क्षमता को पहचान कर रेल परियोजनाओं के माध्यम से राज्य को 'विकास के फास्ट ट्रैक' पर लाने का काम किया है। उल्लखेनीय है कि खरसिया से परमलकसा तक 5वीं और 6वीं नई रेल लाइन बिछाने के लिए 8,741 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिससे छत्तीसगढ़ को लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों के क्षेत्र में बड़ी बढ़त मिलेगी।

### विष्णु सरकार मनाएगी...

जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है। प्रत्येक जिले की परंपराओं, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार नवाचार भी किए जा सकते हैं, जिससे यह तिहार अधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बने।

### इतिहास में पहली ....

अंतरराष्ट्रीय बाजार के विभिन्न देशों पर भारी टैरिफ लगाएं जाने से वैश्विक बाजार में वातावरण तनावपूर्ण बन गया है साथ ही अस्थिरता का वातावरण बन गया है। चीन ने भी अमेरिका पर टैरिफ लगा दिया है। इससे व्यापार युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है। इसके कारण सराफा बाजार पर बड़ा असर पड़ा है और अब सोने और चांदी के दाम लगातार कम हो रहे हैं।

### मोदी बोले- गरीब ....

कहा कि इससे अल्पसंख्यक समुदाय को फायदा होगा। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक प्रतिक्रियाएं इस बिल के लेकर विभिन्न विचारों को दर्शाती हैं। इस विधेयक को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट में भी मामला उठ चुका है और इस पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जानी है। आपको बता दे कि, वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में 128 के मुकाबले 95 मतों से पारित किया गया। इससे पहले बुधवार को इस विधेयक को लोकसभा से भी मंजूरी मिल गई थी, जिसमें 288 सदस्यों ने इसके समर्थन में और 232 ने इसके विरोध में मतदान किया।

### मोदी ने वक्फ ....

पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ाएंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे। यह समाजिक और आर्थिक न्याय, पारदर्शिता के लिए अहम क्षण है। लंबे समय से हाशिए पर रहे लोगों को मदद मिलेगी। वक्फ बिल से लोगों को आवाज और अवसर मिलेगा।

### रिश्वत लेते दो ....

वर्मा से सम्पर्क किया था। इस दौरान राजस्व अभिलेखों में नाम संशोधित करने के लिए पटवारी ने 10 हजार रूपए रिश्वत की मांग की थी। इस दौरान पटवारी द्वारा युवक को लगातार घुमाया जा रहा था जिससे परेशान होकर पवन कुमार पाण्डेय ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से कर दी। शिकायत के बाद एसीबी ने शिकायत की जांच व सत्यापन कराया। इस दौरान मोलभाव कर 7 हजार रूपए में सौदा तय किया गया था। सौदा तय होने के बाद ट्रैप कार्रवाई में जैसे ही पवन कुमार पाण्डेय ने पटवारी नीरज वर्मा के निवास पर पहुंचकर उन्हें रूपए दिए टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने कार्रवाई के दौरान पटवारी नीरज वर्मा एवं उनके सहयोगी करमू राम को धारा 7 एवं 12 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है।

### 8 हजार लेते .....

इस दौरान पटवारी ने सीमांकन करने के लिए राजेश कुमार पटेल से 10 हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी। बिना रिश्वत लिए काम नहीं करने पर राजेश कुमार पटेल ने पटवारी को 2 हजार रूपए पूर्व में दिया था लेकिन इसके बाद भी वह काम नहीं कर रहा था जिससे परेशान होकर राजेश कुमार पटेल ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की थी। शिकायत के बाद जांच व सत्यापन उपरांत शुक्रवार को ट्रैप की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान जैसे ही राजेश कुमार पटेल ने पटवारी को शेष 8 हजार रूपए प्रदान किया एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

### एक ही दिन में...

**परिवर्तित मार्ग से गाडियां**

01 5 मई को बिलासपुर से 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर एवं इटारसी होकर चलेगी।
02 3 मई को शालीमार से 12152 शालीमार- लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, इटारसी एवं भुसावल होकर चलेगी।
03 24 अप्रैल एवं 01 मई को कन्याकुमारी से 16367 कन्याकुमारी-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बलहारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी।
04 27 अप्रैल एवं 04 मई को बनारस से 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बलहारशाह होकर चलेगी।
05 4 मई को गया से 12389 गया-चेन्नई एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर एवं बलहारशाह होकर चलेगी।
06 6 मई को चेन्नई से 12390 चेन्नई- गया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बलहारशाह, नागपुर, इटारसी एवं जबलपुर होकर चलेगी।

**बीच में समाप्त होने वाली गाडियां :–**

01 25,29 अप्रैल एवं 01,02 एवं 06 मई को जबलपुर से 22174 जबलपुर- चांदाफोर्ट एक्सप्रेस बालाघाट जंक्शन मे समाप्त होगी।
02 25,29 अप्रैल एवं 01,02 एवं 06 मई को चांदाफोर्ट से 22173 चांदाफोर्ट- जबलपुर एक्सप्रेस बालाघाट जंक्शन मे समाप्त होगी।
03 01 से 05 मई तक टाटा से 18109 टाटा- नैनपुर एक्सप्रेस बिलासपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
04 03 से 07 मई तक नैनपुर से 18110 नैनपुर-टाटा एक्सप्रेस बिलासपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
05 1 से 05 मई तक गोंदिया से 12105 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस नागपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
06 2 से 06 मई तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से 12106 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल- गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
07 1 से 05 मई तक कोल्हापुर से 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
08 3 से 07 मई तक गोंदिया से 11040 गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस नागपुर जंक्शन मे समाप्त होगी ।
09 23 अप्रैल से 05 मई तक गरहा से 68818 गरहा- गोंदिया एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
10 24 अप्रैल से 06 मई तक गोंदिया से 68817 गोंदिया-गरहा एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
11 25 अप्रैल से 06 मई तक जबलपुर से 51707 जबलपुर- गोंदिया एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
12 25 अप्रैल से 06 मई तक गोंदिया से 51708 गोंदिया-जबलपुर एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
13 25 अप्रैल से 06 मई तक गोंदिया से 68813 गोंदिया-तिरोडी एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
14 25 अप्रैल से 06 मई तक तिरोडी से 68814 तिरोडी-गोंदिया एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
15 25 अप्रैल से 06 मई तक गोंदिया से 68809 गोंदिया-तिरोडी एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
16 25 अप्रैल से 06 मई तक तिरोडी से 68810 तिरोडी-गोंदिया एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
17 23 अप्रैल से 06 मई तक गोंदिया से 68811 गोंदिया- कटंगी एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
18 23 अप्रैल से 06 मई तक कटंगी से 68812 कटंगी-गोंदिया एक्सप्रेस बिरसोला मे समाप्त होगी ।
19 3 से 06 मई तक बलहारशाह से 68801 बलहारशाह-गोंदिया एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
20 3 से 06 मई तक गोंदिया से 68802 गोंदिया-बलहारशाह एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
21 3 से 06 मई तक गोंदिया से 68804 गोंदिया-बलहारशाह एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
22 3 से 06 मई तक बलहारशाह से 68803 बलहारशाह-गोंदिया एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
23 3 से 06 मई तक गोंदिया से 68806 गोंदिया-वडसा एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
24 3 से 06 मई तक चांदाफोर्ट से 68805 चांदाफोर्ट-गोंदिया एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
25 3 से 06 मई तक गोंदिया से 68816 गोंदिया- बलहारशाह एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
26 3 से 06 मई तक बलहारशाह से 68815 बलहारशाह- गोंदिया एक्सप्रेस हिरडामाली मे समाप्त होगी ।
27 5 मई को दुर्ग से 68741दुर्ग- गोंदिया एक्सप्रेस डोंगरगढ़ मे समाप्त होगी ।
28 5 मई को गोंदिया से 68742 गोंदिया-दुर्ग एक्सप्रेस डोंगरगढ़ मे समाप्त होगी।

### रद्द होने वाली...

19. 2 से 06 मई बरौनी से 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
20.3 से 07 मई तक गोंदिया से 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
21.3 मई को हज़रत निज़ामुद्दीन से 12410 हज़रत निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
22.5 मई को रायगढ़ से 12409 रायगढ़- हज़रत निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
23 4 से 06 मई तक गोंदिया से 12070 गोंदिया- रायगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
24.5 से 07 मई तक रायगढ़ से 12069 रायगढ़-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
25.05 मई को बिलासपुर से 20825 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत रद्द रहेगी।
26.5 मई को नागपुर से 20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत रद्द रहेगी।
27.4 मई को पूरी से 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
28.6 मई को सूरत से 22828 सूरत-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
29.1 मई थिरुवनंथपुरम से 22648 थिरुवनंथपुरम-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
30.3 मई को कोरबा से 22647 कोरबा- थिरुवनंथपुरम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
31.5 मई बिलासपुर से 22815 बिलासपुर- इरनाकुलम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
32. 7 मई को इरनाकुलम से 22816 इरनाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
33. 4 मई को तिरुनेलवेली से 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
34.6 मई को बिलासपुर से 22619 बिलासपुर - तिरुनेलवेली एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
35. 4 मई को बिलासपुर से 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
36. 5 मई को चेन्नई से 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
37.1 मई को हैदराबाद से 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
38.4 मई को रक्सौल से 17006 रकसौल-हैदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
39.29 अप्रैल एवं 03 मई को सिकंदरबाद से 17007 सिकंदरबाद- दरभंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
40.2 मई एवं 06 मई को दरभंगा से 17008 दरभंगा –सिकंदरबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
41.2 मई को वास्कोडिगामा से 17321 वास्कोडिगामा-जसीडीह एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
42.5 मई को जसीडीह से 17322 जसीडीह- वास्कोडिगामा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
43.2 मई को यशवंतपुर से 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
44.4 मई को कोरबा से 12252 कोरबा- यशवंतपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
45.30 अप्रैल तथा 01,03,04 एवं 06 मई को विशाखापत्तनम से 12807 विशाखापत्तनम-हज़रत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
46.2,03,05,06 एवं 08 मई को हज़रत निज़ामुद्दीन से 12808 हज़रत निज़ामुद्दीन-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
47.3 मई को कामाख्या से 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
48.6 मई को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनल- कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
49.3 मई को मालदाटाउन से 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
50.5 मई को सूरत से 13426 सूरत- मालदाटाउन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### परीक्षा प्रभारी ने...

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को जांच अधिकारी बनाया था। जांच के बाद प्रारंभिक तौर पर अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को दिया। जिसके बाद कलेक्टर ने कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### सीबीआई का फर्जी...

बताया। उन्होंने बताया कि संदीप कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग तस्करी समेत अन्य अपराध की जांच चलने की बात कही थी। फिर संदीप कुमार के पास से 180 बैंक खाते मिलने की जानकारी पीड़िता को दी गई। इसमें एक बैंक खाता पीड़िता के नाम का एचडीएफसी बैंक दिल्ली का होना बताया गया। उक्त खाते से 8.7 करोड़ रुपए जमा होने की जानकारी दी गई। सीबीआई के फर्जी अफसर ने पीड़िता को बताया कि संदीप कुमार के पूछताछ में सभी खाता धारकों ने उससे 10 प्रतिशत हिस्सा लिया था। इस दौरान पीड़िता ने फर्जी अफसर दिल्ली को मना किया। मगर उसने विवरण लेकर तुरंत दिल्ली आकर बयान देने का झांसा दिया। फिर ऑनलाइन बयान लेने के लिए दबाव बनाया गया।

### शास्त्रीजी के कहने पर...

प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, बॉलीवुड के कलाकारों सहित सभी ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और पटकथा लेखक मनोज कुमार का अंतिम संस्कार आज 5 अप्रैल को जुहू के पवन हंस श्मशान घाट में किया जाएगा। बता दें मनोज को उनकी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। वह अपने प्रशंसकों के बीच 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर थे, लेकिन उनका असली नाम कुछ और ही था। **हरिकृष्ण से नाम रखा मनोज कुमार** - मनोज का जन्म 24 जुलाई, 1937 को पाकिस्तान के एबटाबाद (अब खैबर पख्तूनख्वा) में हुआ था। बंटवारे के बाद उनका पूरा परिवार भारत आ गया था। बहुत कम लोग जानते हैं कि मनोज का असली नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी है। हालांकि, दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' देखने के बाद उन्होंने अपना नाम बदलकर मनोज कुमार रख लिया था। इस फिल्म में दिलीप के किरदार का नाम 'मनोज' ही था। इसके बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया में आने का फैसला लिया। **अस कारण पड़ गया 'भारत कुमार' नाम-** मनोज को उनके प्रशंसक 'भारत कुमार' के नाम से जानते हैं। दरअसल, मनोज ने अपने लंबे करियर में कई देशभक्ति पर आधारित फिल्में बनाईं और उनमें अभिनय किया। 'शहीद' (1965), 'उपकार' (1967), 'पूरब और पश्चिम' (1970) और 'क्रांति' (1981) उनकी बहुचर्चित फिल्मों में शामिल हैं।

# बारहवीं ओपन परीक्षा मे बांटे दसवीं के पेपर, गृहविज्ञान की परीक्षा रद्द, केंद्राध्यक्ष सहित तीन को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में ओपन परीक्षा 2025 में शुक्रवार को 12वीं की ओपन परीक्षा में 12वीं कक्षा के गृह विज्ञान के प्रश्न पत्र की जगह 10 वीं का पेपर बांट दिया गया। पेपर मिलते ही परीक्षा देने आए 30 विद्यार्थी हल करने में जुट। सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक हो रही परीक्षा में एक घंटे बाद पता चला कि गलत प्रश्नपत्र बच्चों का दिया गया है। कई विद्यार्थी 60 प्रतिशत तक प्रश्न हल कर चुके थे। उसके बाद 12वीं का पेपर बांटा गया तो बच्चों की हालत खराब हो गई। गृहविज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी गई है। मामले में केंद्राध्यक्ष सहित तीन को हटा दिया गया है। इस दौरान ओपन परीक्षा प्रभारी तुलसीराम यादव स्कूल में नहीं थे। बताया गया कि परीक्षा प्रश्न पत्र को लेकर उच्च अधिकारी के पास गए हैं।



### थाने से पेपर लाने में हुई गड़बड़ी: केंद्राध्यक्ष

केंद्राध्यक्ष ओपन परीक्षा नारायण सिंह से बताया कि थाने से पेपर लाने में गड़बड़ी हुई है। हमारे द्वारा छात्र- छात्राओं को गलत प्रश्न पत्र थमा दिया गया था और छात्रों ने कई प्रश्नों का हल भी कर चुके थे। जैसे ही जानकारी हुआ हमने तत्काल समय रहते 12वीं के सही प्रश्न पत्र को बांटा। गड़बड़ी के संबंध में उच्च अधिकारी को पत्र भेजा गया है।

### बड़ी लापरवाही: प्रिंसिपल

प्रिंसिपल के.एल. कंवर ने कहा कि बहुत बड़ी लापरवाही हुई है। बच्चे घर से प्रश्न उत्तर याद करके आए हुए थे। वह गलत प्रश्न पत्र लिखने के बाद सही प्रश्न पत्र को लिखने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिम्मेदार प्रश्न पत्र को पढ़ नहीं पाए और वितरित कर दिया। लापरवाही हुई जैसे ही पता चला तुरंत ओपन की सही प्रश्न पत्र बच्चों को दिया गया। बच्चों ने सभी प्रश्न को हल किया है।

### तीन लोगों को हटाया: डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी श्री सारस्वत ने बताया कि दसवीं के खुल चुके पर्चे को बदलने के अलावा परीक्षा की तारीख निरस्त करने के लिए राज्य ओपन परीक्षा को पत्र भेजा है। लापरवाही के चलते ड्यूटी में तैनात केंद्राध्यक्ष नारायण सिंह,सहायक केंद्राध्यक्ष तुलसी राम यादव,और ऑब्जर्वर नीतू साह को हटाया दिया गया है।

### इन्हें दी गई जिम्मेदारी

जिला शिक्षा अधिकारी जिला गरियाबंद ने फिंगेश्वर स्थित शाउमावि लोहरसी के लिए कमल पाण्डेय को केंद्राध्यक्ष, कैलाशचंद धर्नुवेद को सहायक केंद्राध्यक्ष और राकेश कुमार वर्मा ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

### पहले भी गड़बड़ी हो चुकी है

गौरतलब है कि इसी केंद्र पर पूर्व में गृहविज्ञान (218) विषय के प्रश्न पत्र को निर्धारित तिथि से पहले खोलने की लापरवाही भी सामने आई थी। जिसके कारण 5 अप्रैल को होने वाली उस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। अब वह 22 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक गांजे का नशा, बीते साल 246 क्विंटल जब्त, हेरोईन, कोकीन, ब्राउन शुगर के तस्कर सक्रिय

## नारकोटिक्स सेल ने सालभर में बनाए 1329 केस, दो हजार से अधिक गिरफ्तारियां, विदेशी भी शामिल



हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब के नशे के साथ ही नारकोटिक्स श्रेणी के नशीले पर्दार्थों का इस्तेमाल और तस्करी के मामले एक गंभीर स्थिति की ओर इशारा कर रहे हैं। राज्य सरकार की नारकोटिक्स सेल ने पिछले साल 2024 में ही तस्करों और विक्रेताओं से 24 हजार 631 किलो यानी 246 क्विंटल गांजे की बरामदगी की है। यही नहीं, यहां ब्राउन शुगर, अफीम, डोडा, हेरोईन, कोकीन सहित बड़ी मात्रा में मेडिकल ड्रग्स की बरामदगी की है। इससे अंदाजा होता है कि ये नशे यहां प्रचलन में है और पड़ोसी राज्यों से तस्करी कर यहां लाए जा रहे हैं और यहां से दूसरे राज्यों में ले जाए जा रहे हैं।

राज्य नारकोटिक्स सेल की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य की सीमा से लगे ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड, तेलंगाना एवं मप्र के रास्ते छत्तीसगढ़ में नशे के सामान की आवाजाही हो रही है। यहां भी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ के रास्ते देश के अन्य राज्यों में भेजने वालों का नेटवर्क सक्रिय है।

### सालभर में मिला इतना नशे का सामान

छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स सेल ने 2024 में नशे से संबंधित 1 हजार 329 प्रकरण दर्ज किए हैं, इन मामलों में कुल 2 हजार139 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 246 क्विंटल गांजा, 335 ग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े 13किलो से अधिक अफीम, नशीली दवाएं सीरप पांच हजार नग बॉटल से अधिक, पौने दो लाख नशे की टेबलेट, 66 हजार कैप्सूल, 17 हजार से अधिक नशे के इंजेक्शन, सवा दो किलो चरस, और एमडीएए टेबलेट 90 नग बरामद की है।

### नशीली चीजों का नष्टीकरण भी

नशीले पदार्थों की बरामदगी के बाद कोर्ट के आदेश पर जब्तशुदा नशे के सामान को नष्ट कर दिया जाता है। इस नष्टीकरण कहा जाता है। इस काम के लिए उच्च स्तरीय एवं जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति का गठन भी किया गया है। 2024 में 53 हजार 454 किलो गांजा, नशीली दवाईयां, अफीम 15. 36 किलो ब्राउन शुगर, डोडा साढ़े 4 किलो, विधिवत नष्ट किया गया है।

### विदेशी तस्कर भी हुए हैं गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ में नशीली चीजों की तस्करी में राज्य के अलावा देश के अन्य राज्यों के तस्कर, सप्लायर तो पकड़े ही गए हैं। लेकिन इसके साथ ही रायपुर पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग्स रेकेट के प्रकरण में नाईजिरिया मूल के आरोपी, एवं बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को दिल्ली से तथा अन्य सात आरोपियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# शेयर ट्रेडिंग का मैनेजर निकला साइबर ठगी का मास्टर माइंड, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शेयर ट्रेडिंग की आड़ में ठगी करने के ज्यादातर मामलों में पकड़े जाने वाले मास्टर माइंड का संबंध दूसरे राज्य से होता है। राजधानी में ऐसा पहली बार है हुआ, जिसमें शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर शंकर नगर में ऑफिस खोलकर देश के अलग-अलग राज्यों में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की गई है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने रायपुर के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए जालसाजों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 16 ठगी के मामले दर्ज हैं। गुढ़ियारी निवासी रेलवे कर्मचारी उमाकांत वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने दलदल सिवनी निवासी प्रतीक जैन, भावना नगर निवासी गोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर उमाकांत से शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर ठगी की है। उमाकांत ने जनवरी में गुढ़ियारी थाने में अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी।

- जालसाज के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में चार करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले दर्ज

### फर्जी कंपनी बनाकर अकाउंट खुलवाया

जालसाज शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की दुकान चला रहे थे। ठगी से प्राप्त आय को बैंक अकाउंट में जमा कराने गोपाल अग्रवाल ने फर्जी कंपनी बनाकर अलग-अलग बैंक में अकाउंट खुलवाया था। प्रतीक उन्हीं बैंकों में ठगी की रकम ट्रांसफर करवाने का काम करता था। पूछताछ में गोपाल ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से ठेकेदार है। प्रतीक के कहने पर उसने उसका साथ दिया।

ज्यादातर अस्पतालों में आउटसोर्सिंग

# अस्पतालों में निचले स्टाफ की कमी होगी दूर, स्टॉफ नर्स सहित सवा पांच सौ पदों के लिए व्यापमं लेगा परीक्षा

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, वार्ड ब्वाय, आया के पदों पर होगी थोक में भर्ती

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्टॉफ नर्स सहित अन्य निचले स्टाफ की कमी दूर की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के करीब सवा पांच सौ पदों की भर्ती करेगा। इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया जाएगा। जिन पदों पर भर्ती की जाएंगी, उसमें ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, वार्ड ब्वाय और आया के पद भी शामिल हैं।

सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के साथ निचले स्टाफ की समस्या भी अधिक है। स्टॉफ नर्स की संख्या कम होने की वजह के एक नर्स पर आधे अस्पताल का बोझ है। कई स्वास्थ्य केंद्रों में तो इक्का-दुक्का नर्सिंग स्टॉफ के सहारे उपचार किया जा रहा है। इसी तरह वार्ड ब्वाय नहीं होने की वजह कई बार डाक्टरों को मरीजों की मलहम-पट्टी करनी पड़ती है। इसी तरह आया की कमी के कारण साफ-सफाई की व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित रहती है। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रहा है।





इसके तहत जिला और संभाग स्तर पर दोनों श्रेणी के करीब सवा पांच सौ पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग से अनुमति मिल चुकी है। इन पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी व्यावसायिक परीक्षा मंडल को दी गई है। आने वाले दिनों में व्यापमं परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाने की प्रक्रिया पूरी करेगा।

परीक्षा को लेकर आगामी तिथि में अन्य शेड्यूल भी जारी किया जाएगा। स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जिन पदों पर भर्ती की जाएगी, उसमें स्टॉफ नर्स के 225, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं पुरुष के 100-100, वार्ड ब्वाय एवं आया के 50-50 पदों पर भर्ती होगी। इस भर्ती प्रक्रिया के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अपने परिपत्र 13-1/2023 के निर्देशानुसार तय किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर जिला अस्पतालों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इनकी कमी होने की वजह से कई बार मरीजों के परिजनों अथवा हेल्थ सेंटरों के दूसरे स्टाफ को साफ-सफाई सहित अन्य तरह के दूसरे काम पूरे करने पड़ते हैं।

# लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

चिटफंड कंपनी की तर्ज पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने ठगी करने छोटापारा स्थित डीएम प्लाजा में ऑफिस खोलकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने लोगों को लोन पास कराने तथा लोन से प्राप्त आधी रकम को अपने कंपनी में निवेश करने पर पूरी लोन की राशि जमा करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने ढाई से ज्यादा लोगों के साथ 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। कोतवाली पुलिस ने ठगी करने के आरोप में ठगी के मास्टर माइंड अभय कुमार गुप्ता उर्फ अभयकांत गुशी, सुरेंद्र सिंह करियाम, मनोज कुमार भगत, रागिब हुसैन उर्फ वासु, विभा वर्मा तथा पूजा यादव को गिरफ्तार किया है। जालसाज आरवी ग्रुप के नाम से कंपनी संचालित कर रहे थे। कंपनी का किसी तरह से पंजीयन नहीं हुआ है।

जालसाज गुमाश्ता लाइसेंस लेकर कंपनी संचालित कर रहे थे। जालसाजों ने कितने की ठगी की है, इसके लिए पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल लेकर जांच करने की बात कह रही है।

### ऐसे करते थे ठगी

थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले त्रिभुवन सिंह ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर पहले उनके दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद उन लोगों के लिए अलग-अलग बैंक से लोन पास कराते थे। लोन पास कराने के बाद जालसाज अपने ग्रुप में लोन की 50 प्रतिशत राशि निवेश करने पर उनकी ईएमआई फर्म द्वारा भरे जाने का आश्वासन देते थे। कुछ महीनों तक मासिक किस्त जमा कर विश्वास हासिल करते थे। बाद में किस्त की राशि जमा करना बंद कर लोगों को ठगी का शिकार बनाया।


आम सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में सुविधा में प्रदर्शित धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें ("सुविधा") उपलब्ध कराई गई। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 16 अप्रैल, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उत्तराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: रायपुर | |
| 016162010896 | मनोज कुमार चावड़ा |
| 016162011888 | अमित लहेजा |
| 016162011891 | अमित लहेजा |
| 016162011904 | अमित लहेजा |
| शाखा का नाम: कोरबा | |
| 035362002674 | लक्ष्मी देवांगन |
| शाखा का नाम: रायगढ़ | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 092662002856 | परमवीर सिंह |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562012292 | संजय संजय |
| शाखा का नाम: चिरमिरी | |
| 162562003052 | मनीष कुमार रवि |
| शाखा का नाम: दल्ली राजहरा | |
| 197762001154 | अब्दुल कलाम |
| शाखा का नाम: बस्तर, छत्तीसगढ़ | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 360162001965 | रूस्तम परिहार |
| शाखा का नाम: कुरूद, छत्तीसगढ़ | |
| 371662001519 | विमल कुमार बैस |
| शाखा का नाम: बिलासपुर- गांधी चौक | |
| 496462000076 | रोशन कुमार राही |

दिनांक: 05 .04 .2025
स्थान: बस्तर, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, धमतरी, बालोद

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिए आवास मिशन (शहरी) स्लम/गैर स्लम में किराये के मकान में रह रहे हितग्राहियों को दो कमरे का आवास उपलब्ध कराने की योजना

विज्ञापन क्र. 05 आवास आबंटन सूचना दिनांक 03/04/2025

''मोर मकान मोर आस'' योजना अंतर्गत बृज विहार ईडब्लुएस भूमि राजकिशोर नगर में निर्मित 87 (G+3) आवासीय फ्लैट्स में से 60 रिक्त आवासों के आबंटन के हेतु आवेदन पत्र दिनांक 10/01/2025 तक कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर में जमा किये गये आवेदकों को दिनांक 08/04/2025 को लॉटरी के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के दृष्टि सभा कक्ष में प्रातः 12:00 बजे आवासों का आबंटन किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/11/25/09, दिनांकः 28.03.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आनंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोसिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255363 | 30.04.2025 | 10:30 | 00 | 411630.00 |

विवरणः- आरडीएसओ निविर्देश संख्याः- टीआई/एसपीसी/पीएसआई/एलवीसीबीआईएन/0121 (05/2023), ए एंड सी स्लिप संख्या 1 के अनुसार, 2x25 केवी एसी (स्प्रिंग टू स्प्रिंग मैकेनिज्म) के लिए सभी सहायक उपकरणों के साथ 25 केवी डबल पोल वैक्यूम इंटरप्टर की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। मौजूदा उपकरणों के उचित ध्वस्तिकरण के साथ। "निविदाकर्ता कृपया हमारी वेब साइट https://www.ireps.gov.in जाएं।" नोटः- विवरण से संबन्धित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

वरि. मंडल सामाग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/592



OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/07 Raipur, date:02.04.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/2024/93 | 4th stage raising of lagoon-II of ash dyke from RL 319.00 M to 322.00 M at village Gorhi/Pandripani of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 315.00 Lacs | 3,15,000/- | 06 Months | 8100042105 |
| 2 | EDC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/2024/94 | 2nd stage raising of lagoon 1A from RL 313.00 M to 318.00 M at ash dyke Jhabu of HTPS, CSPGCL, Korba West | 644.68 Lacs | 5,00,000/- | 06 Months | 8100042210 |

Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST) for Sl. No. 1 & 2. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 23.04.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 25.04.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.
Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii)Maintenance period for the work shall be 12 months for Sl. No. 1 &2.

Executive Director (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY


## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

### परीक्षा दिलाने से चूके खिलाड़ी छात्रों के पर्चे 7 से

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मुख्य परीक्षाओं के दौरान खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा 2025 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, स्पोर्ट्स के छात्रों के लिए सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जबकि 12वीं की बोर्ड परीक्षा 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने अपने आधिकारिक नोटिस में कहा, यह सूचित किया जाता है कि बोर्ड ने अनुमोदित योजना के अनुसार मुख्य परीक्षा 2024-25 के आयोजन के दौरान राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षा की तिथि पत्र तैयार कर लिया है। दसवीं कक्षा के लिए परीक्षाएं 7 अप्रैल से शुरू होकर 11 अप्रैल तक चलेंगी और बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षाएं 11 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी।

## शब्द पहेली - 5827



**बाएँ से दाए**
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

### शब्द पहेली- 5826 का हल



## सूडोकु नवताल- 5837

✱ ✫ ✫ ✫ ✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5836 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# गड्ढा खोदकर छिपाया था एके 47 और 90 राउंड कारतूस

## हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने ली राहत की सांस

**अंबिकापुर।** आरक्षक के घर से सोने चांदी के जेवरों के साथ ही एके 47 राइफल और 90 नग जिन्दा कारतूस चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को पकड़ा है , एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बड़ी बात यह है कि चोरों ने हथियार को गड्ढा खोदकर घर में छिपा दिया था। पुलिस ने खुदाई कर हथियार को बरामद किया है । हथियार मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस द्वारा जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि गांधीनगर निवासी आशीष तिर्की जिला बल बलरामपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वर्तमान में आरक्षक की ड्यूटी बलरामपुर जिला पंचायत सीईओ की सुरक्षा में लगाई गई है। जिपं सीईओ बलरामपुर में ड्यूटी करने के बाद 1 अप्रैल को अम्बिकापुर स्थित अपने निवास आ गई थीं।

उन्हें घर छोड़ने के बाद आरक्षक भी अपने निवास गांधीनगर चला गया था। आरक्षक के अनुसार ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने हथियार एके 47 और 3 मैगजीन में 90 राउंड कारतूस को घर में छोड़कर घर में ताला लगाने के बाद शाम 4 बजे अपने गांव सीतापुर के बटई केला चला गया था। 2 अप्रैल की दोपहर 2 बजे जब वह घर पहुंचा तो उसके घर का ताला खुला हुआ था। जब वह घर के अंदर घुसा तो उसके होश उड़ गए। चोरों ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर घर से सोने चांदी के जेवर के साथ ही गनमैन की एके 47 राइफल और 90 राउंड जिंदा कारतूस लेकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांधीनगर क्षेत्र के ही दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी के बाद हथियार को अपने घर में ही गड्ढा खोदकर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हथियार को बरामद कर लिया है। पुलिस ने अब तक मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

### पकड़े गए हैं आरोपी

चोरी के मामले में आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और हथियार भी बरामद हो गया है। पकड़े गए आरोपियों ने कुछ अन्य घटनाओं को भी अंजाम दिया है जिस संबंध में उसने पूछताछ की जा रही है। हम जल्द ही मामले का खुलासा करेंगे।

**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी, सरगुजा

# बेटिंग एप की कार्रवाई पर कोर्ट ने मांगा जवाब



**बिलासपुर।** ऑनलाइन बेटिंग एप (सट्टा) चलाने के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को हाईकोर्ट ने गृहसचिव और राज्य शासन समेत प्रतिवादियों से शपथपत्र में जवाब तलब किया है। इसमें यह बताना होगा कि इस प्रकार के एप्स के खिलाफ पुलिस ने अब तक महादेव एप के बाद से कहां और क्या कार्रवाई की है। अगली सुनवाई 6 मई को निर्धारित की गई है।

सुनील नामदेव ने एक एडवोकेट अमृतो दास के माध्यम से जनहित याचिका दायर कर प्रदेश में चल रहे ऑनलाइन बेटिंग एप का विरोध किया है। पिछली सुनवाई में गृह विभाग के सचिव को मामले में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। आज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की डीबी में हुई सुनवाई में महाधिवक्ता ने कहा कि शासन ने कई ऐसी वेबसाइट्स और एप्स को ब्लॉक किया है, जो लोगों को सट्टा लगाने के लिये प्रेरित करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि आज का युग अलग है अच्छे और बुरे लोग दोनों हैं। शासन का यह दायित्व है कि जिस बात की अनुमति दी है। आप यह देखें कि लोग उसका गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा कि शासन ने कई प्रकार के बेटिंग एप प्रतिबंधित किये हैं यह अच्छी बात है, मगर अब भी जो एप चल रहे हें उन्हें भी नियंत्रित करना होगा। इस मामले में एक बेटिंग एप को भी पक्षकार बनाया गया है, जो कि राज्य में अभी चलाया जा रहा है। डीबी ने राज्य के गृह सचिव समेत शासन और अन्य प्रतिवादियों से शपथपत्र पेश करने को कहा है। जिसमें इस प्रकार के ऑनलाइन गेम एप के सबंध में जो कार्रवाई की जा रही है। उसका उल्लेख किया जायेगा। कोर्ट ने केंद्र शासन को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके लिये 3 सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। अगली सुनवाई 6 मई को नियत की गई है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 327/ निर्माण / 2025 दिनांक 01.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 16 (नया वार्ड क्र. 18) कोहड़िया में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अ.वि.पर्या. उ.निधी) (प्रथम निविदा) | 20.00 | 21.04.2025 (T.No. 166483) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc. cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है। **।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**COLLEGE OF AGRICULTURE, INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR (C.G.)**

**VACANCY ADVERTISEMENT**

Applications are invited for the ad-hoc post of Junior Research Fellow (1) under the BRNS funded research project "Genetic evaluation & characterization of promising mutant lines of traditional rice landraces at morphological, biochemical and genomic level". Last date for receipt of the applications through online/offline mode is 15th April 2025. For more details, please visit the IGKV website on https://igkv.ac.in.

S-43458 **Head of the Department**

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022


## आवश्यकता है

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान (गर्ल्स वेयर) में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आलीशान गर्ल्स करोना चौक सदर बाजार बिलासपुर 79872 61212 (37312)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। कम्प्यूटर जानकार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- दोपहर 3.30 से 5.30 तक। ए.के. अग्रवाल एण्ड कम्पनी, मोहरा बिल्डिंग जूनीलाइन बिलासपुर 94255 30647 (कृपया 11बजे के पहले फोन ना करें) (37289)

आवश्यकता है- घर के कामों के लिए महिला सहायक झाड़ पोंछा, धूल सफाई, कपड़ों की इस्त्री, अलमारी व्यवस्थित करना, पौधों को पानी देना, अन्य छोटे मोटे कामों हेतु 25-35 वर्ष की भरोसेमंद महिला की आवश्यकता है समय सुबह 8-12 बजे, शाम 5-7 बजे स्थान- मंगला बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827166239 (37307)

आवश्यकता है- कृष्णा फुट वेयर में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की तत्काल आवश्यकता है। सम्पर्क करें- होटल मिड टाऊन के अन्दर गली में पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9907925025, 7987210064 (37305)

आवश्यकता है- टेन्ट होलसेल दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- श्री टेन्ट एजेन्सी FCI गोडाउन के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर 8770329653, 7709293930 (37309)

आवश्यकता है- लिंक रोड स्थित कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रुचिस क्रिएशन बुटीक, जूडीओ शोरूम/ स्वदेशी प्लाजा के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7587270301 (37313)

आवश्यकता है- मुंगेली स्थित श्रीव्हीलर शोरूम में कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव-2, मैकेनिक-1, हेल्पर-1 की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- शारदा बजाज ICICI बैंक के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9039090181 (37301)

आवश्यकता है- (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के, लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें- 9329233000 (37281)

आवश्यकता है- अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है जिसे बीजी सॉफ्टवेयर आता हो (महिला या युवती) सम्पर्क करें- अमर जनरल स्टोर व्यापार विहार बिलासपुर 9827473604, 9131452265 (37306)

आवश्यकता है- होलसेल बैग हाउस में कार्य करने के लिए सेल्समैन, सेल्सगर्ल और ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- संजय बैग हाउस, गली नम्बर 2, कश्यप कॉलोनी बिलासपुर 6264540017 (37308)

आवश्यकता है- थोक एजेन्सी में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- हुकुमचंद जेठालाल मेघानी प्रीमीयर एजेन्सी के बाजू में। मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9907423217 (37299)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में माल निकालने/ पैकिंग कार्य हेतु लड़के, लडकियां 4पद एवं सेल्समैन 1पद की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क- श्रीगुरुकृपा मेडिकल एजेन्सी, तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर 9301357092 (37302)

आवश्यकता है- सोनोग्राफी सेंटर के लिये एक्स-रे टेक्नीशियन, टाइपिस्ट, रिसेप्सनिष्ट की आवश्यकता है पता श्री गोपाल साहू डायग्नोस्टिक जूनी लाईन बिलासपुर संपर्क 97701 28995 (37296)

आवश्यकता है- थोक सब्जी मंडी में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर- 1, होटल कार्य हेतु सुरक्षागार्ड चाहिए वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 10 से दोप. 2बजे तक 9893599044 (37276)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय। योग्यता 12वीं, वेतन 9000- 10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी, गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर (37277)

आवश्यकता है- दुकान में कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है जो रंग पेंट की दुकान में कार्य कर चुका हो एवं अन्य कार्य करने हेतु कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9827167987 (37298)

आवश्यकता है- बिलासपुर स्थित श्रीव्हीलर शोरूम में कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव- 6पद की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- शारदा बजाज, ICICI बैंक के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9039090181 (37300)

आवश्यकता है- तत्काल भर्ती सिक्युरिटी गार्ड-50, सिक्युरिटी सुपरवाइजर (बेसिक कंप्यूटर नॉलेज) 10 फील्ड ऑफिसर-5, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ हेतु चाहिए। कम्प्यूटर आपरेटर-2, कम्प्यूटर बेसिक नॉलेज। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क- बुधवारी बाजार बिलासपुर 84618 81111 (37288)

आवश्यकता है- प्रिंटिंग प्रेस में कार्य करने हेतु हेल्पर बाईडिंग/ मशीन में कार्य करने के इच्छुक को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अंकुर प्रिंटर्स, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 9827170543 (37287)

आवश्यकता है- रामवैली कॉलोनी में इलेक्ट्रीशियन- 2 (योग्यतानुसार 8-10 हजार) ऑफिस असिस्टेंट-2 (योग्यतानुसार 8-10 हजार) सुरक्षा गार्ड-2 (योग्यतानुसार 8000) माली- 2 (योग्यतानुसार 8000) सुरक्षा सुपरवाइजर- 1, (योग्यतानुसार 10000) सम्पर्क करें- 9826196147, 8770153142 (37286)

आवश्यकता है- गोदरेज कंज्यूमर में बिलामपुर शहर के लिये (DSR) सेल्समैन/ सेल्सगर्ल की आवश्यकता हे अनुभवी ही सम्पर्क करें- 98274 99306 (37280)

**आवश्यकता है- बिलासपुर राजकिशोर नगर में ओला एवं ट्रेवल्स में कार चलाने हेतु 3 ड्राइवरों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- 8109400008, 9243958051 (37291)**

आवश्यकता है-पुस्तक दुकान में हार्डवर्क हेतु 18 से 30वर्ष का पुरुष कर्मचारी चाहिए बिलासपुर निवासी को प्राथमिकता पता- देवांगन बुक स्टाल सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स, मारुति शोरूम के पास बिलासपुर 9300227355 (37262)

| REQUIRED |
|---|
| B.Sc. Nursing (Experience 5-10 Years):20000/- |
| B.Sc. Nursing (Experience 1-3 Years): 15000/- |
| B.Sc. Nursing (Fresher): 11000/- |
| GNM (Experience 1-3 Years):13000/- |
| GNM (Fresher) : 9000/- |
| TPA Operator/Receptionist |
| All Nursing Staff Accommodations available |
| Agrawal Hospital — DEVOTED TO LIFE |
| Contact No. 9827488000 / 9302761188 |
| Address: Agrawal Hospital, Infront of Maruti Business Park, G.E. Road, Raipur (C.G.) |

आवश्यकता है- सुपर मार्केट & Cafe में (M/F) मार्केटिंग मेनेजर, सेल्समैन, पैकिंग हेल्पर, ऑफिस बॉय, रसोइया (समय 9.30 से 10) सैलरी योग्यतानुसार (अनुभवी को प्राथमिकता) फॉर्मर्स प्राइड मेन रोड नेचरसिटी, सकरी 7225849081, 7987551332 (37273)

आवश्यकता है- एकाउंटेंट कम टैली ऑपरेटर (फीमेल) ऑफिस ब्वाय- 3पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग अनलोडिंग ऑटो चालक एवं सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 95754 88884 (37278)

आवश्यकता है- घर में झाड़ू पोछा कपड़ा बर्तन करने हेतु पूर्ण समय हेतु बाई चाहिए कार्य समय सुबह 8 से शाम 7 बजे तक सम्पर्क करें- रामा वर्ल्ड, रायपुर रोड बिलासपुर 99672 99365 (37293)

Requirment- Bilaspur Based Road Construction Company Requires Accountants Assistant Cum Tally Operator. male/ female & Office Administrator (Female) 3 to 5+ Years Experience Contact- 11am to 6pm- 9907525871 email- resume.anandi@gmail.com (37270)

आवश्यकता है-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

आवश्यकता है- लेडीज / गर्ल्स कुक की आवश्यकता जो अच्छा खाना बना लेती हो और दो साल का अनुभव हो ,सैलरी योग्यता अनुसार पुराने बस स्टैंड के पास इमलीपारा संपर्क करे 9425535359 (37279)

आवश्यकता है- RU फाइनेंस में फील्ड ऑफिसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 10000 से 15000+ कमीशन, सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 9109034923, 8827772817 (3418)

आवश्यकता है- क्लीनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000 पता- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7880210386 (3417)

आवश्यकता है- सनराइज स्पा व्यापार विहार एवं क्लाउड 9 स्पा में काम करने के लिए टेलीकॉलर, ब्यूटीशियन, थेरेपिस्ट, हाउस कीपिंग की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 6399166000 (3169)

आवश्यकता है-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238 (749)

आवश्यकता है- बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी मे सिविल कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है (1) ईट जोड़ाई कार्य- 10, (2) मकान प्लास्टर- 15, (3) शटरिंग- 10, (4) लोहार- 10, सम्पर्क करें- 7999245462, 79700 10956, 7970010973 (3416)

आवश्यकता है- जनरल दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को एवं लड़कियों और अच्छे सेल्समेन की भी जरूरत है पेमेट भरपुर दिया जायेगा। सुनील प्लास्टिक तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर (37292)

आवश्यकता है-सुबह 8:30 से शाम 6:30 बजे तक घर में सभी घरेलू काम करने के लिए कामवाली बाई एवं एक खाना बनाने वाली बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9685901101 (37269)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

आवश्यकता है-कार ड्राइवर स्कॉर्पियो, एंडेवर गाड़ी चलाने वाला लाइसेंस हो और यहीं पर रहकर कार्य करने वाला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (37267)

आवश्यकता है-लवली ड्रेसेस सीएमडी कालेज मैदान के बगल में, लिंक रोड, बिलासपुर में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 7000103010 (37246)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वी पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी ग्वालियर में काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग बाद 15000 से 20000 महीने सम्पर्क करें-8982690021, 9340613449 (312)

## बेचना है

बेचना है- देवरीखुर्द मंगल विहार कालोनी में न्यू कंस्ट्रक्शन 3BHK डबल मंजिल मकान शानदार लोकेशन कार पार्किंग 3 बेडरूम हॉल किचन बालकनी कीमत 35लाख में बेचना है सम्पर्क करें- 9301227779 (37294)

बेचना है- दुकान बेचना/ किराए से देना है 12×18 ग्राउंड फ्लोरे अरपा काम्प्लेक्स सीएमडी चौक के पास नवभारत प्रेस के सामने बिलासपुर सम्पर्क करें- 89640 16631 (37285)

बेचना है- 35×90= 3150 वर्गफीट ले-आउट पास डायवर्टेड पश्चिम मुखी प्लाट नेचर सिटी फेस- 2 मुंगेली रोड बिलासपुर में बेचना है सम्पर्क करें- 8109233074, 98270 90060 (37271)

बेचना है- बिलासपुर बस स्टैण्ड तिफरा से 5 मिनट की दूरी पर यदुनन्दन नगर में 3BHK मकान बेचना है लाल ईंट, सागौन दरवाजा, फाल सीलिंग कीमत 35लाख, 3माह में पजेशन सम्पर्क- 98263 14444 (37310)

बेचना है-हर्ष-फिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

बेचना है- हेमू नगर, नारायणी टावर के पीछे गणेश चौक के पास नया मकान 3BHK डुप्लेक्स 3बाथरूम, 2हॉल, कार पार्किंग, किचन, पूजा रूम, 3कमरा मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 7000719162 (37311)

बेचना है- बलराम टॉकीज रोड में एसबीआई के पास दुकान साइज 10×12 नीचे एवं 10×12 ऊपर की दुकान बेचना है कीमत 70 लाख सम्पर्क 9926127230 (37275)

## किराया

किराया- तिफरा काली मंदिर के सामने मन्नाडोल में स्वतंत्र 2BHK मकान, पोर्च सहित 7000/- किराये पर देना है संपर्क 9098468103 (37297)

## फाइनेन्स

फाइनेन्स- गरीब कल्याण लोन योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड, राशन कार्ड पर, (1% ब्याज सालाना) (50000 से 25 लाख तक ) (प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, ग्रुप लोन) संपर्क 9311830460 (752)

## बिजनेस

स्कूल यूनिफार्म - सभी स्कूल यूनिफॉर्म की पूरी श्रृंखला उपलब्ध हमारे यहां सभी स्कूलों के विभिन्न रंगों में यूनिफॉर्म्स,सॉक्स , टाई बेल्ट्स उपलब्ध हैं विशेष (स्पेशल) ऑर्डर भी लिए जाते हैं हमारे यहाँ कॉर्पोरेट यूनिफार्म हॉस्पिटल स्टाफ यूनिफार्म भी उपलब्ध है अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें चेन सिंह भारत होजरी, बिलासपुर 99937 53652, 7440274402 (37290)

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- लोन रिकवरी एजेंसी में विभिन्न कम्पनियों के कार्य हेतु टेलीकॉलर (महिला) रायपुर ऑफिस के लिए एवं फील्ड कलेक्शन के कार्य हेतु (पुरुष) सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आवश्यकता है नोट- टेलीकॉलर के लिए कम से कम 12वीं पास एवं कम्प्यूटर में एक्सेल का ज्ञान आवश्यक है, फील्ड कलेक्शन कार्य हेतु 10वीं-12वी की न्यूनतम योग्यता, खुद की दोपहिया वाहन के साथ ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है आकर्षक सैलरी एवं इंसेंटिव सम्पर्क - 7223099331, 9826179609 (7081)


Medicare Specialists

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने एसबीआई एटीएम के बाजू में, रायपुर
9826038170



**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



**CLASSIFIED RATE CARD**

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

| HEALTH CARE (10X1 FIX SIZE) | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com






# लखनऊ का जीत का 'छक्का', मुंबई को 12 से दी मात, पंड्या का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल खेलते हुए ज्यादा साल नहीं हुए हैं, लेकिन टीम पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए काल की तरह है। एक बार फिर ये साबित हुआ है। लखनऊ ने आईपीएल-2025 में शुक्रवार को अपने घर इकाना स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया। 2022 में आईपीएल डेब्यू करने वाली लखनऊ की मुंबई पर ये छठी जीत है। सिर्फ एक बार मुंबई ने लखनऊ को हराया है।

**आईपीएल लखनऊ के लिए मार्श-मार्करम ने जमाए अर्धशतक**

पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने मिचेल मार्श के 60 और एडेन मार्करम के 53 रनों के दम पर 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 203 रन बनाए। मुंबई की टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन पूरे ओवर खेलने के बाद पांच विकेट 192 रन ही बना सकी। उसके लिए सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। ये सूर्यकुमार का मुंबई के लिए 100वां आईपीएल मैच था। सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर 67 रन बनाए जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल रहा, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।



## पंत लगातार चौथे मैच में फ्लाप

आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी और एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा। वह हार्दिक पांड्या की गेंद पर अजीबो-गरीब शॉट खेलकर कैच आउट हुए। मौजूद सीजन के लगातार चौथे मुकाबले में पंत का बल्ला खामोश रहा। पंत का पिछली चार पारियों में दो, 15, शून्य और दो स्कोर है। निश्चित तौर पर कप्तान निराशाजनक प्रदर्शन टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा रहा है।

## 5 विकेट लेने वाले पहले कप्तान

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने लखनऊ के खिलाफ वो कर दिखाया है जो 18 साल के इतिहास में आज से पहले नहीं हुआ था। पांड्या ने बेहतरीन गेंदबाजी की और पांच विकेट लिए। इसी के साथ वह लीग के इतिहास में यह काम करने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। पांड्या ने इस मैच में चार ओवरों में 36 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने निकोलस पूरन, ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आकाशदीप के विकेट लिए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## डबल हेडर मैच आज : पंजाब और राजस्थान के बीच होगा दूसरा मैच

# चेन्नई-दिल्ली की जंग में नूर और कुलदीप की स्पिन गेंद निभाएंगी निर्णायक भूमिका

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को होने वाले आईपीएल मैच में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा और जिस तरह से यहां की पिच स्पिनर के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है।

कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। यह दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का उपयोग करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है।

### दिल्ली का मध्यक्रम मजबूत

अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स को आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से मध्यक्रम में मजबूती मिली है। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है। शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके। चेन्नई के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है।





### डु प्लेसी अपनी पुरानी टीम को देंगे चुनौती

दिल्ली की टीम में फाफ डु प्लेसी की मौजूदगी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज लंबे समय तक चेन्नई की टीम का हिस्सा रहा था और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। उनके अनुभव का जेक-फ्रेजर मैकगर्क, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल जैसे बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। मैकगर्क को स्पिनरों को खेलने में थोड़ी दिक्कत होती है और यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया का यह बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर का किस तरह से सामना करता है।



### जायसवाल की फॉर्म पर रहेगी निगाह

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई में पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग का मैच खेलने के लिए मैदान पर उतरेगी तो सभी की निगाह खराब फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल पर टिकी रहेगी जो मैदान के बाहर की घटनाओं के बजाय अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरना चाहेंगे। जायसवाल हाल में तब चर्चा में आए थे जब



उन्होंने मुंबई की टीम के अपने एक सीनियर साथी के साथ कथित मतभेदों के कारण घरेलू क्रिकेट में गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया। रॉयल्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर होंगे जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमा कर अपनी शानदार फॉर्म का परिचय दिया है। वह लंबे शॉट खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं। इसका सबूत यह है कि उन्होंने अभी तक केवल दो मैच में 13 छक्के लगाए हैं।

**खास खबर**

## महंगे खिलाड़ी का मतलब सभी मैचों में बड़ा स्कोर बनाना नहीं



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर का मानना है कि उन्हें 23.75 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें प्रत्येक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा। केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद पर 60 रन की पारी खेल कर अपनी टीम की 80 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेंकटेश ने मैच के बाद कहा, 'मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं। लेकिन सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे। यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं। इसको लेकर दबाव नहीं है कि मुझे कितनी धनराशि मिल रही है या मैं कितने रन बना रहा हूं। मुझ पर इस तरह का दबाव कभी नहीं रहा।'

## कप्तानी छोड़ने के बाद हल्का महसूस कर रहा हूं : बटलर



**मुंबई।** इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं तथा आईपीएल में अपनी नई मानसिकता के साथ स्वच्छंद होकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन मैच में 166 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं।

## चोटिल स्टोन का भारत के खिलाफ खेलना मुश्किल




**लंदन।** भारत के खिलाफ इस साल 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन चोटिल होने के कारण बाहर होने के कगार पर है। इस 31 साल के गेंदबाज को यह चोट उनकी काउंटी टीम नॉटिंघमशर काउंटी के घरेलू सत्र शुरू होने से पहले अबुधाबी में टीम के अभ्यास सत्र के दौरान लगी। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा चार अगस्त तक चलेगा। स्टोन ने अब तक पांच टेस्ट मैचों में 17 विकेट लिए है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2024 में अगस्त-सितंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

## 'हर्बल सप्लीमेंट' के सेवन पर सजग रहें खिलाड़ी

**पटियाला।** शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने यहां नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में हाल में संपन्न एक सम्मेलन में खिलाड़ियों को 'हर्बल सप्लीमेंट' के सेवन में लापरवाही बरतने के प्रति चेतावनी दी। दो दिन के सेमीनार में 'हार्मोनाइजिंग मूवमेंट : शानदार प्रदर्शन के लिए योग को खेल विज्ञान के साथ एकीकृत करने' के बारे में खेल विज्ञान के कई विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण के हाई परफोरमेंस निदेशक (एथलेटिक्स) वजीर सिंह फोगाट ने बताया कि एथलीट अकसर ताकत, सहनशक्ति, प्रतिरक्षा और उबरने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए 'हर्बल सप्लीमेंट' का सहारा लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### नूर सभी से सीखने की कोशिश कर रहा

**चेन्नई।** दुनिया के शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने युवा अफगान गेंदबाज नूर अहमद की तारीफ करते हुए कहा कि बल्लेबाजों के लिए उनकी तेज गति वाली गुगली को समझना काफी मुश्किल है। कुलदीप और नूर अपनी-अपनी टीम के लिए अच्छी फॉर्म में हैं और शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में काफी कुछ इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा। जहां कुलदीप ने तीन मैच में छह से कम की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं, वहीं नूर इस दौरान नौ विकेट झटके है।

### प्रणवी जोबर्ग ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारत की प्रणवी उर्स ने जोबर्ग महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दौर के शुरुआती 13 होल में पांच अंडर का स्कोर बनाया।



जब खेल रोका गया तब कई खिलाड़ी पहले दौर को पूरा नहीं कर पाए थे। प्रणवी पांच होल शेष रहते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की मिमी रोड्स 18 होल पूरे करने में सफल रहीं। वह अभी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रही हैं। प्रणवी ने दसवें होल में बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर बैक नाइन पर शेष आठ होल पर पांच बर्डी के साथ अच्छी वापसी की।

### ईस्पोर्ट्स प्रदर्शनी खेल के रूप में होगा शुरू

**नई दिल्ली।** ईस्पोर्ट्स बिहार में चार से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया युवा खेल में प्रदर्शनी खेल के रूप में शुरुआत करेगा। केआईवाईजी 2025 इस टूर्नामेंट का सातवां चरण है जिसकी मेजबानी बिहार के पांच शहर (पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय) करेंगे। इस दौरान निशानेबाजी, जिम्नास्टिक और साइकिलिंग की ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन नई दिल्ली में होगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का आयोजन बिहार में होगा, जहां ईस्पोर्ट्स एक प्रदर्शनी खेल के रूप में अपनी शुरुआत करेगा।'

**एथलेटिक्स**

# नीरज मई में वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में लेंगे हिस्सा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्टार खिलाड़ियों से सजी वैश्विक भाला फेंक स्पर्धा में शिरकत करेंगे जिसका आयोजन 24 मई को पंचकुला में होगा। इस प्रतियोगिता का नाम नीरज चोपड़ा क्लासिक रखा गया है क्योंकि यह भारतीय स्टार इसके आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

खेल की संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स ने इस प्रतिस्पर्धा को श्रेणी ए का दर्जा दिया है जो ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगी। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट ने हालांकि इस स्पर्धा को अपने 'कॉन्टिनेंटल टूर' के तौर पर सूचीबद्ध नहीं किया है। यह कैलेंडर हालांकि सत्र की शुरुआत से पहले लगाया गया था। इससे पहले जनवरी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने इस स्पर्धा का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे भारत को शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की काबिलियत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी।

इस प्रतिस्पर्धा की आयोजन समिति में चोपड़ा भी शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के साथ मिलकर उन्होंने इस प्रतियोगिता को देश में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में वार्षिक टूर्नामेंट बनाना चाहते हैं।

### देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार

एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से देश की एथलेटिक्स छवि में सुधार आएगा। सागू ने कहा, 'यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। वह इस टूर्नामेंट को अपने गृह राज्य में करवाना चाहते होंगे। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।' हरियाणा के पानीपत के करीब खांद्रा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने 2012 से 2015 तक पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में ट्रेनिंग ली थी।

## गोयनका ने की पंत की तारीफ कहा- 27 क्या 28 करोड़ भी दे देते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक 3 मैच खेले हैं जिसमें उन्हें एक मैच में जीत मिली है, लेकिन दो मैच इस टीम ने गंवाए हैं। लखनऊ ने अपना तीसरा लीग मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला था जिसमें उसे 8 विकेट से हार मिली थी और इसके बाद संजीव गोयनका और पंत की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी।

इस तस्वीर के सामने आने के बाद मीडिया में ऐसी खबरें आई की संजीव शायद पंत के साथ भी वैसा है व्यवहार कर रहे हैं जैसी उन्होंने केएल राहुल के साथ किया था। अब संजीव गोयनका



का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है जो उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर दिया है। उनसे साथ उस इंटरव्यू में ऋषभ पंत भी बैठे हैं और इस दौरान संजीव ने पंत की जमकर तारीफ की। गोयनका ने कहा कि जब हमें पता चला कि पंत को दिल्ली ने रिटेन नहीं किया है तो हमने उनके इर्द-गिर्द टीम बनाने की योजना बनाई। हमें उन्हें खरीदने के लिए 27 करोड़ खर्च किए, लेकिन अगर वो 28 भी होता तो ये सिर्फ एक नंबर ही होता।

## फिर फंसे रोहित शर्मा, कहा- 'जब करना था मैंने किया...', जहीर के साथ बातचीत लीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच से पहले रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिससे वो एक बार फिर फंसते नजर आ रहे हैं। वीडियो में रोहित और जहीर खान बात कर रहे हैं। इसके बाद फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि मुंबई इंडियंस के खेमे में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बता दें कि जहीर खान पहले मुंबई इंडियंस के कोच थे।

दरअसल, वायरल वीडियो में रोहित शर्मा को जहीर खान से बातचीत करते हुए देखा जा रहा है। इस दौरान रोहित कह रहे हैं कि जब करना था मैंने किया बराबर से, अब मेरे को कुछ करने की जरूरत नहीं है। सोशल



मीडिया में इस लीक बातचीत के बाद मुंबई इंडियंस के फैंस डरे हुए हैं। यह वीडियो पिछले साल जैसा ही है जब हार्दिक के कप्तान बनने के बाद ईडन गार्डन्स के मैदान पर रोहित केकेआर के बैटिंग कोच अभिषेक नायर से बात करते नजर आए थे। उस वीडियो से भी खूब बवाल मचा था।

## जोकोविच, सिनर, सबालेंका सहित 20 खिलाड़ियों ने लिखा पत्र


# ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ उन 20 प्रमुख टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने चारो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रभावित करने वाले फैसलों में उनकी बात को अधिक तवज्जो देने की मांग की है। इन खिलाड़ियों ने इस संबंध में चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के प्रमुखों को पत्र लिखा है।

यह पत्र 21 मार्च को लिखा गया था जिसकी एक प्रति एजेंसी के पास है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन





के प्रमुख क्रेग टिली, फ्रेंच ओपन के स्टीफन मोरेल, विंबलडन के सैली बोल्टन और अमेरिकी ओपन के ल्यू शेर को संबोधित इस पत्र में इस महीने होने वाले मैड्रिड ओपन के दौरान खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और चारों ग्रैंड स्लैम के प्रमुखों के बीच बैठक करने का अनुरोध किया गया है। इस पत्र में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर हैं जबकि महिला वर्ग में चोटी की 11 खिलाड़ियों में से केवल एलेना रयबाकिना के इस पर हस्ताक्षर नहीं हैं। अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन की कुल पुरस्कार राशि लगभग 58 मिलियन डॉलर है जबकि विंबलडन की लगभग 64 मिलियन और अमेरिकी ओपन की लगभग 75 मिलियन डॉलर है।

## इटली में खेली जाएगी होपमैन कप

**बारी।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने घोषणा की है कि इस साल का होपमैन कप इटली के दक्षिणी शहर बारी में खेला जाएगा। इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद 16 से 20 जुलाई तक किया जाएगा। होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, लिंक रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, लिंक रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com